Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 198 | रविवार, 20 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## भारत-पाक संघर्ष को लेकर ट्रंप के दावे पर बोले उपराष्ट्रपति

# 'दुनिया की कोई ताकत भारत को निर्देश ना दे'

**नई दिल्ली।**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि लोगों को बाहरी नैरेटिव से प्रभावित नहीं होना चाहिए, क्योंकि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को यह निर्देश नहीं दे सकती कि उसे अपने मामलों को कैसे संभालना है। देश के सभी निर्णय हमारे नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि भारत आपसी सहयोग से काम करता है, परस्पर सम्मान रखता है और अन्य देशों के साथ कूटनीतिक संवाद करता है। लेकिन, अंततः हम संप्रभु हैं। हम अपने



फैसले खुद लेते हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब विपक्ष भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर सरकार से स्पष्टीकरण की मांग कर रहा है। धनखड़ ने भारतीय रक्षा संपदा सेवा के प्रशिक्षुओं से कहा कि बाहरी बातों से प्रभावित न हों। हर खराब गेंद को खेलना जरूरी नहीं है। क्या यह माथापच्ची करने की जरूरत है कि किसने क्या कहा? जो क्रिकेट के मैदान पर अच्छे रन बनाता है, वह हमेशा खराब गेंदें छोड़ता है। वे लुभावनी होती हैं, लेकिन कोशिश नहीं की जाती। और जो कोशिश करते हैं, उनके लिए विकेटकीपर के सुरक्षित दस्ताने और गली (क्षेत्ररक्षण) में कोई और होता है।

## बारिश से बाधित मैच में इंग्लैंड ने भारतीय महिला टीम को 8 विकेट से हराया

**लंदन।** भारत की महिला क्रिकेट टीम इंग्लैंड दौरे पर है। वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। बारिश से बाधित इस मैच में इंग्लैंड ने 8 विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। मैच का नतीजा डकवर्थ लुईस नियम से निकाला गया। इंग्लैंड की गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बारिश से बाधित दूसरे वनडे मुकाबले में इंग्लैंड ने भारतीय महिला टीम को 8 विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड की बाएं हाथ की गेंदबाज सोफी ने किफायती गेंदबाजी की और तीन विकेट झटके। उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बल्लेबाजी में भारत का प्रदर्शन लचर रहा और पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छूने में भी असफल रहे। प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं सोफी ने कप्तान हरमनप्रीत, विकेटकीपर ऋचा घोष और मध्यक्रम की बैटर हरलीन देओल को अपना शिकार बनाया। अब सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला 22 जुलाई की शाम 5.30 बजे (करळ) से रिवरसाइड ग्राउंड चेस्टर-ली-स्ट्रीट पर खेला जाएगा।

## हिंदू संस्थान में दूसरा धर्म मानने वालों पर गिरी गाज

# तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने 4 कर्मचारियों को निकाला



**हैदराबाद।**

तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम यानी टीटीडी ने अपने 4 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इन चारों पर गैर-हिंदू धर्म का पालन करने के आरोप हैं। टीटीडी के पास तिरुमाला स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर के प्रशासन की जिम्मेदारी है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि क्वालिटी कंट्रोल के डिप्टी एग्जीक्यूटिव इंजीनियर बी. एलिजर, बीआईआरआरडी अस्पताल की स्टाफ नर्स एस. रोजी, बीआईआरआरडी अस्पताल की ग्रेड-क फार्मासिस्ट एम. प्रेमवती और एसवी आयुर्वेदिक फामेर्सी डॉ. जी. असुंता को निलंबित किया गया है। टीटीडी अपने कर्मचारियों, विशेष रूप से धार्मिक या संबद्ध संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए एक सख्त आचार संहिता का पालन करता है। इसके मुताबिक, टीटीडी में काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को आचरण और व्यवहार दोनों में हिंदू धर्म के सिद्धांतों का पालन करना होता है। जिन 4 लोगों को निलंबित किया गया है, उन पर संस्थान की आचार संहिता के उल्लंघन का ही आरोप है। संस्थान की आंतरिक जांच में इस बात की कथित तौर पर पुष्टि हुई कि ये कर्मचारी गैर-हिंदू धर्म का पालन कर रहे थे। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि कर्मचारियों ने गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार किया है।

### टीटीडी में है सख्त आचार संहिता

इसके पहले 11 जुलाई को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने दावा किया था कि 1,000 से अधिक गैर-हिंदू अभी भी टीटीडी में काम कर रहे हैं। उन्होंने टीटीडी से तिरुमाला में गैर-हिंदुओं को रोजगार से हटाने का आग्रह किया था। इसके कुछ समय बाद ही हुई विभागीय कार्रवाई कई तरह के सवाल खड़े करती है।


# पुर्जे.विदेश से आते हैं, हम बस जोड़ते हैं: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।**

राहुल गांधी ने ने कहा कि मेक इन इंडिया के नाम पर हम सिर्फ असेंबली कर रहे हैं - असली मैन्युफैक्चरिंग नहीं। आईफोन से लेकर ळश तक - पुर्जे.विदेश से आते हैं, हम बस जोड़ते हैं। छोटे उद्यमी निर्माण करना चाहते हैं, लेकिन न नीति है, न सपोर्ट भारत को असेंबली लाइन से आगे बढ़कर एक सच्ची विनिर्माण शक्ति बनाने के लिए जमीनी स्तर पर बदलाव की जरूरत पर जोर देते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि मेक इन इंडिया के नाम पर भारत सिर्फ.उत्पादों की असेंबली कर रहा है, उनका सही मायने में निर्माण नहीं कर रहा। गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत में बनने वाले ज्यादातर टीवी के 80 प्रतिशत कलपुर्जे चीन से आते हैं। उन्होंने आगे बताया कि नीति और समर्थन की कमी, भारी कर और निगमों का एकाधिकार, उन छोटे उद्यमियों को रोक रहे हैं जो विनिर्माण करना चाहते हैं। राहुल गांधी ने ने कहा कि मेक इन इंडियाके नाम पर हम सिर्फ असेंबली कर रहे हैं - असली मैन्युफैक्चरिंग नहीं। आईफोन से लेकर ळश तक - पुर्जे.विदेश से आते हैं, हम बस जोड़ते हैं। छोटे उद्यमी निर्माण करना चाहते हैं, लेकिन न नीति है, न सपोर्ट। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान, गांधी ने आरोप लगाया था कि मोदी सरकार की 'मेक इन इंडियापहल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को पुनर्जीवित करने में विफल रही है, जो 2014 में सकल घरेलू उत्पाद के 15.3 प्रतिशत से घटकर 12.6 प्रतिशत हो गई है।



## मुंबई से दिल्ली जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस में लगी आग



**जयपुर।**

राजस्थान में ब्यावर के पास सेन्द्रा रेलवे स्टेशन से गुजरती मुंबई-दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस के इंजन में शनिवार सुबह करीब तीन बजे आग लग गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, लोको पायलट की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण ट्रेन रोक ली गई और यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। ट्रेन में करीब 500 लोग सवार थे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। अजमेर से इंजीनियर और सुरक्षा टीम तत्काल मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। डिब्बों को इंजन से अलग कर दिया गया। उधर, इस दौरान रूट को पूरी तरह बंद नहीं किया गया, लेकिन सुरक्षा कारणों से दूसरी ट्रेनों को धीमी रफ्तार से सेन्द्रा स्टेशन से निकाला गया। रेलवे प्रवक्ता के अनुसार, किसी भी यात्री को चोट नहीं आई है और सभी को वैकल्पिक साधनों से गंतव्य तक पहुंचाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि आग ने इंजन को काफी नुकसान पहुंचाया।

**500**
लोग सवार थे ट्रेन में करीब

## पंजाब में आप को लगा बड़ा झटका

# अनमोल गगन मान ने विधायकी छोड़ी, राजनीति को भी कहा अलविदा

**नई दिल्ली।**


खरड़ से विधायक मान ने पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान को अपना इस्तीफा सौंप दिया। मान ने एक्स पर पंजाबी में लिखा कि मेरा दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। विधायक पद से अध्यक्ष को दिया गया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता और गायिका से राजनेता बनी अनमोल गगन मान ने पंजाब विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और राजनीति छोड़ने की घोषणा की। खरड़ से विधायक मान ने पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान को अपना इस्तीफा सौंप दिया। मान ने एक्स पर पंजाबी में लिखा कि मेरा दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। विधायक पद से अध्यक्ष को दिया गया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए। अनमोल गगन मान ने आगे लिखा कि मेरी शुभकामनाएँ पार्टी के साथ हैं। मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी।



## दिल्ली उच्च न्यायालय ने हिंदू कॉलेज से पाठ्येतर गतिविधियों, खेल कोटे के तहत सीटों का ब्योरा मांगा

**नई दिल्ली।**

सीबीएसई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता होने का दावा करने वाले याचिकाकर्ता के वकील जीतेंद्र गुप्ता ने कहा कि कॉलेज द्वारा खेल कोटा संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को राजधानी के हिंदू कॉलेज से शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए पाठ्येतर गतिविधियों या खेल कोटा के तहत सीटों का विवरण मांगा। एक लॉन टेनिस खिलाड़ी को सीट आवंटित करने के अनुरोध वाली




याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विकास महाजन ने कॉलेज प्रशासन को 2025-26 के लिए कोटे के तहत एक सीट आरक्षित करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता रावत ने कॉलेज द्वारा पांच प्रतिशत पाठ्येतर गतिविधियां (ईसीए)/खेल कोटा लागू न करने को चुनौती दी है।

# देशभर में मानसून का कहर

## उत्तराखंड-हिमाचल और बंगाल व केरल में भारी बारिश का अलर्ट, यूपी में 18 की मौत

**नई दिल्ली।**

देश के कई हिस्सों में मानसून का कहर जारी है। बारिश से जुड़ी घटनाओं के कारण जानमाल का भारी नुकसान भी हुआ है। सभी प्रभावित राज्यों में आपदा प्रबंधन टीमें तैनात हैं और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने की तैयारियां की जा रही हैं। देश के कई राज्यों में मानसून ने जबरदस्त कहर बरपाया है। उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़े हादसों में 18 लोगों की जान चली गई, जबकि राजस्थान के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। मौसम विभाग (आईएमडी) ने उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और केरल के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में गरज के साथ बूंदाबांदी या बारिश की भविष्यवाणी की है। वहीं शनिवार सुबह का न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम है। जबकि शाम 5.30 बजे सापेक्ष आर्द्रता 83 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शाम 6 बजे दिल्ली की वायु गुणवत्ता ₹संतोषजनक₹ श्रेणी में दर्ज की गई, जिसका वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 56 था।

### उत्तर प्रदेश में भारी बारिश से जानलेवा हादसे

उत्तर प्रदेश में बारिश के कारण हुई घटनाओं में 18 लोगों की मौत हो चुकी है। ये मौतें 17 और 18 जुलाई के बीच हुईं हैं। जिसमें से आठ लोग डूबने से मरे हैं, दो लोगों की मौत सांप के काटने से हुई। वहीं जिलेवार बात करें तो चित्रकूट में दो, मुरादाबाद में तीन, गाजीपुर में एक व्यक्ति की पानी में डूबने के कारण मौत हुई है। जबकि बांदा जिले में तीन, महोबा में दो और ललितपुर में एक व्यक्ति की जान बारिश से जुड़ी घटनाओं में गई।



## संपादक की कलम से

# गंदगी के ताबूत में शहर

हिमाचल प्रदेश के शहरों की स्वच्छता सुबह कूड़े के एकत्रिकरण में देखी जा सकती है, जब सारा बोझ बाहरी प्रदेशों से ठेके पर आए मजदूर दिहाड़ी के हिसाब से कर रहे होते हैं। सब्जी मंडियों के गले–सड़े और बचे हुए सामान पर नगर निकायों का रूमाल नजर नहीं आता। फास्ट फूड या फूड मॉर्ट के डिब्बों पर अपने स्वाद पर मुंह मारता समाज, इसे सडक पर ठिकाने लगाता है, तो आवारा पशुओं की महफिल में सारा बाजार नरक हो जाता है। हमारी व्यथा हमारे घरों से और हमारी असमर्थता हमारी व्यवस्था से है। भले ही हिमाचल ने नगर निकायों को नगर निगमों की सियासत तक पहुंचा दिया, लेकिन शहरीकरण के ताबूत में एक मरी हुई व्यवस्था, जागने का अभिनय कर रही है। जागने के अभिनय में केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की रैंकिंग को देखें, तो प्रदेश की राजधानी शिमला में रची बसी सरकार, पार्टियों के चमत्कार और ब्यूरोक्रेसी के हुंकार की मुर्दा रुह मिलेगी। राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ शहरों की सूरत में शिमला का प्रस्थान 188वें स्थान से 347वें पर हो गया, तो ऐसे शहर के माल रोड पर चलते हुए हमारे कदम रुके क्यों नहीं। क्या राजधानी को पर्यटन ने गंदा किया, बढ़ते वाहनों ने मंदा किया। स्वच्छता में गिरी राजधानी की तस्वीर में किसका चेहरा देखें।



ललित शर्मा
संपादक

आश्चर्य यह कि राजधानी वीआईपी हो गई या शिमला वीआईपी हस्तियों का मक्का बन गया, मगर शहर की हस्ती पर तरस आता है कि हम मोहल्लों की सियासत में मशगूल हो कर भूल गए कि राज्य की प्रतिष्ठा में, स्वच्छता के दाग हमारा अस्तित्व भी एक दिन रौंद देंगे। वैसे प्रसन्न होने के लिए राज्य के अपने मानकों की प्रशंसा में शिमला खुश हो सकता है कि यहां के 66 शहरी निकायों में ठियोग और नादौन के बाद उसका नंबर आ गया। हम शहरीकरण को समस्या के रूप में देख रहे हैं, जबकि समाधान की औकात में इससे संबंधित विभागीय रुतबा ही कंगाल है। सर्वेक्षण की भुजाओं में सुबाथू छावनी ने सुधार कर लिया, जबकि डलहौजी, बकलोह, जतोग, डगशाई व कसौली जैसे सैन्य क्षेत्रों में स्थिति में जवाबदेही व प्रबंधन दिखाई देता है। यहां सर्वेक्षण से बाहर हुए योल कैंप की व्यथा पर गौर करें, तो समझ में आएगा कि राजनीति अपने फायदे के लिए नरक को कैसे पसंद करती है। प्रदेश के सबसे अहम व बड़े छावनी क्षेत्र योल को अब इससे हटाकर सामान्य बना दिया गया। यानी एक शहरी व्यवस्था को दशकों बाद पंचायती राज के कूड़ेदान में इसलिए डाल दिया गया, क्योंकि हिमाचल का नागरिक समाज भी अनुशासन में नहीं रहना चाहता। सरकार एक तुलनात्मक अध्ययन करवा कर देख सकती है कि कल का योल कैंप आज क्यों कूड़े का ढेर बन गया। कल बाकी छावनी क्षेत्र जब भी मुक्त होंगे, तो फासले गंदगी के और करीब होंगे। बेशक राज्य के पैमाने में ठियोग शिखर पर और नादौन दूसरे स्तर पर आ गया, लेकिन सवाल यह है कि अगर हमारा स्वच्छता अभियान इन शहरों में बुलंदी पर आंका गया, तो बाकी नगरों में गंदगी भी एक रैंकिंग है। शायद किसी बहाने या मुहाने पर छिप जाए, तो एक दिन सर्वेक्षण उनके नाम भी सिद्ध हो जाए। हिमाचल को शहरीकरण की मानसिकता में दुरुस्त करने के लिए टीसीपी कानून के तहत और राजनीति से ऊपर उठ कर विचार करना होगा। जाहिर तौर पर टीसीपी महकमे का दायित्व संभाले राजेश धर्माणी कई मौलिक चिंतन व फैसले कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में भवन निर्माण की क्षेत्रीय योजनाएं अगर बनती हैं, तो नवनिर्माण केवल ड्राइंग नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरतों के मुताबिक विकास की रूपरेखा का निर्धारण भी होगा। जो प्रदेश अपने पर्यावरणीय शक्ति एवं सामर्थ्य से उत्तर भारत को शुद्ध हवा व जल का प्रबंध कर रहा हो, उसके अपने शहरों में स्वच्छता के मानदंड अगर स्थापित नहीं हो रहे, तो कुछ नए कदम लेने होंगे। कूड़ा–कर्कट प्रबंधन की दृष्टि से पूरे प्रदेश में एक तंत्र, प्रक्रिया व अधोसंरचना निर्माण को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

## उदय किशोर साह



### देवों के देव तूं महादेवा भोले शंकर

कविता

देवों के देव तूं महादेवा भोले शंकर
दिव्य नेत्र से झाँकों मेरे मन के अन्दर
जीवन में मेरे जो है अब तक अधुरा
कृपा कर मेरी इच्छा तुम आज पूरा

पावन सावन जब धरा पे देगा दस्तक
पैदल चढ़ाऊँगा गंगाजल तेरे मस्तक
ले मंदिर आऊँ फूल बेलपात धतुरा
सेवन करता है प्यारा भांग तुम पूरा

चन्दन अक्षत कुमकुम मैं करूँ अर्पण
अपनी पूजा अर्चना तुम पे है सर्मपण
गंगा मईया तेरे जटा से निकल आई
दूज की चन्द्रमा तेरे मस्तक पे दिखाई

सपौं की माला तेरे गले में देत शोभा
मृग छाला में लिपटा तुम बम भोला
डम डम डमरू तुँने जब जब बजाई
भूत पिचास तेरे संग संग धूम मचाई

तुँ है भक्तों का एक सच्चा रखवाला
विषपान किया है सागार से ले प्याला
बसहा बैल का तुम करता है सवारी
कैलाश पर्वत पे बसता भोले भंडारी

मेरी भी सुन ले कभी मन की पुकार
रक्षा करना तुम ओ भोले सरकार
इच्छा पूरी हो मेरी ओ ओघड़दानी
शरणागत हूँ तेरे मैं ले अपनी कहानी

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## शांत और परोपकारी स्वभाव सुखी जीवन का मूल मंत्र

# स्वयं को माचिस की तीली बनाने की बजाय, शांत सरोवर बनाएं जिसमें कोई अंगारा भी फेंके तो स्वयं ही बुझ जाए



गोंदिया



भारतीय संस्कृति, सभ्यता के बारे में हमने साहित्य और इतिहास के माध्यम से और भारत माता की गोद में रहकर पारिवारिक संस्कृति, मान सम्मान, रीति- रिवाजों से इसे प्रत्यक्ष महसूस भी कर रहे हैं। परंतु हमारे बड़े बुजुर्गों के माध्यम से हमने कई बार सतयुग का नाम सुने हैं, जिसका वर्णन वे स्वर्गलोक के तुल्य करते हैं। याने इतनी सुखशांति, अपराध मुक्ति, इमानदारी, शांति सरोवर तुल्य, कोई चालाकी चतुराई गलतफहमी या कुटिलता या भ्रष्टाचार नहीं, बस एक ऐसा युग कि कोई अगर कुछ दिन, माह के लिए बाहर गांव जाए तो अपने घरों को ताला तक लगाने की जरूरत नहीं! अब कल्पना कीजिए कि अपराध बोध मुक्त युग! मेरा मानना है कि हमारी पूर्व की पीढ़ियों ने ऐसा युग जिए होंगे तब यह बोध आगे की पीढ़ियों में आया, जिसे सतयुग के नाम से जरूर जाना जाता है। साथियों बात अगर हम वर्तमान युग पर बड़े बुजुर्गों में चर्चा की करें तो इस इसे कलयुग नाम देते हैं, याने सभी प्रकार के अपराध बोध से युक्त संसार। हर तरह की बेईमानी, भ्रष्टाचार कुटिलता से भरा हुआ युग! आज भी बुजुर्गों का मानना है कि वह सतयुग फिर आएगा, याने आज की तकनीकी भाषा में अपराध मुक्त, भ्रष्टाचार बेईमानी कुटिलता मुक्त पारदर्शिता और अनेकता में एकता वाले भारत की परिकल्पना का युग। साथियों बात अगर हम अपराध, भ्रष्टाचार, बेईमानी, कुटिलता से भरे जग की करें तो मेरा मानना है कि इसका मुख्य प्रवेश द्वार क्रोध, उत्तेजित स्वभाव व लालच है जिसमें आपराधिक बोध प्रवृत्ति का जन्म होता है और व्यक्ति क्रोध में हिंसा, अपराध, लालच, भ्रष्टाचार, बेईमानी और कुटिलता के अमानवीय कृति और अन्य गलत कार्यों की ओर मुड़ जाता है और आगे बढ़ते ही चले जाता है जब जीवन के असली महत्व का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। क्रोध की अभिव्यक्ति हमारे अंदर की कुंठा, हिंसा व द्वेष के कारण भी हो सकती है। वर्तमान काल में अपराधों के बढ़ने का एक प्रमुख कारण भीषण क्रोध ही है। क्रोध से उत्पन्न हुए अपराधों के औचित्य को सिद्ध करने के लिए क्रोधी व्यक्ति कुतर्क कर दूसरे को ही दोषी सिद्ध करता है। एक दोष को दूर करने के लिए अनेक कुतर्क पेश करता है। क्रोध में व्यक्ति आपा खो देता है। क्रोध में अंततः बुद्धि निस्तेज हो जाती है और विवेक नष्ट हो जाता है। क्रोध का विकराल रूप जुनून है। आदमी पर जुनून सवार होने पर वह जघन्य से जघन्य अपराध कर बैठता है। जुनून की हालत में उसे मानवीय गुणों का न बोध रह पाता है और न ही ज्ञान। क्रोध मानव का सबसे बड़ा शत्रु है, बहुत बड़ा अभिशाप है। साथियों बात अगर हम शांत, परोपकारी स्वभाव ही जीवन का मूल मंत्र की करें तो अभिभावकों, शिक्षकों को बच्चों को यह शिक्षा देना है और हम बड़ों को यह स्वतः संज्ञान लेना है कि माचिस की तीली बनने की बजाय शांत सरोवर बनना होगा।

# स्कूलों को उड़ाने की धमकियां: सुरक्षा पर मंडराता खतरा

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के करीब 45 स्कूलों में बम विस्फोट की धमकी बेहद गंभीर और चिंताजनक है। चूंकि ऐसी धमकियां लगातार आ रही हैं, इसलिए हमारे सुरक्षा तंत्र को बहुत सजग हो जाना चाहिए। यह पुलिस एवं प्रशासन के सामने एक बड़ी चुनौती एवं गंभीर प्रश्न है, क्योंकि बीते कुछ ही दिनों में करीब चार बार ऐसी धमकियों के ई-मेल अथवा फोन से डराने एवं धमकाने वाले सन्देश मिले हैं। इसी बुधवार को ही सात स्कूलों को विस्फोट की धमकी मिली थी। अगर यह किसी की सोचा-समझी साजिश है तो बहुत गंभीर है। किसी की शरारत भी है, तब भी अक्षम्य अपराध है। दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में स्कूलों को उड़ाने की मिल रही ऐसी धमकियां न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं, बल्कि यह हमारे भविष्य, यानी बच्चों की मानसिक शांति और शिक्षा के अधिकार पर भी गहरा आघात है। कई बार ये धमकियां फर्जी साबित हुईं, लेकिन हर बार छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों में भारी दहशत का माहौल बना, जिससे न केवल शिक्षण प्रभावित हुआ बल्कि प्रशासन की सजगता और तत्परता भी सवालों के घेरे में आ गई।



मई 2024 में एक ही दिन में दिल्ली के 100 से अधिक स्कूलों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं थी। राजधानी के प्रतिष्ठित स्कूलों जैसे पश्चिम विहार इलाके में रिचमंड ग्लोबल स्कूल और रोहिणी सेक्टर-3 स्थित अभिनव पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इनमें तीन कॉलेज शामिल हैं। डीपीएस, मदर्स इन्टरनेशनल, संस्कृति स्कूल आदि प्रतिष्ठित स्कूलों को इस भयावह चक्रव्यूह में शामिल किया गया है। ताजा धमकियों में हो सकता है, जांच में कुछ भी चिंताजनक न मिले, पर ऐसी धमकी से तात्कालिक रूप से जो तनाव पैदा होता है, उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ई-मेल से दी गई धमकी की जो भाषा है, उस पर अवश्य गौर करना चाहिए। पुलिस और प्रशासन की तत्काल प्रतिक्रिया एवं सतर्कता के चलते सुरक्षा के कदम उठाते हुए स्कूलों को खाली कराया गया, बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और फोरेंसिक टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। हालांकि बाद में अधिकतर धमकियां फर्जी ही पाई गईं, लेकिन जिस प्रकार बार-बार ये घटनाएं हो रही हैं, वह एक सुनियोजित मानसिक आतंकवाद की ओर इशारा करती हैं। इसमें मुख्यतः साइबर सुरक्षा में चूक भी दिख रही है। इन डराने एवं खौफ पैदा करने वाली घटनाओं की अभी तक की जांच में पुलिस ने पाया है कि ये सभी धमकी भरे संदेश फर्जी हैं। फर्जी होने के बावजूद जांच को एक पुख्ता एवं सटीक समाधान तक पहुंचाना चाहिए। कौन अपराधी है, जो ऐसी धमकियां दे रहा है? अगर वह कोई बिगड़ैल बच्चा भी है, तो उसे इलाज की जरूरत है। वैसे इतने सुनियोजित तरीके की भेजी जा रही धमकियां किसी बिगडैल एवं शरारती बच्चे की नहीं हो सकती, जरूर इसके पीछे किसी बड़े षडयंत्रधारी का हाथ है। धमकाने की यह परिपाटी या किसी को डराने का यह तरीका अनियंत्रित नहीं होना चाहिए। अधिकांश ईमेल और धमकियां विदेशी सर्वरों से भेजी गई थीं-रूस, यूक्रेन जैसे देशों से। यह भारत की साइबर सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्किंग के माध्यम से की जा रही साजिशों की ओर संकेत करती है। यह संकट केवल सुरक्षा का नहीं, मानसिक आघात का है। हर धमकी के बाद छात्रों की परीक्षा, पढ़ाई, उपस्थिति और मनोवैज्ञानिक स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ा है। बच्चों के भीतर असुरक्षा, भय और अविश्वास की भावना उत्पन्न हो रही है, जो उनके समग्र विकास के लिए बेहद खतरनाक है। अभिभावक-समाज में भी गहरा असंतोष और चिंता व्याप्त है, जो सरकार और पुलिस प्रशासन पर भरोसे को कम कर रही है। इन डराने एवं असुरक्षा का वातावरण पैदा करने वाली धमकियों के बावजूद स्कूल प्रशासन की यह सराहनीय बात है कि ज्यादातर स्कूल खुले रहे और सबने सावधानी से काम लिया। कहीं भी अफरा-तफरी नहीं होने दी गयी। फिर भी ऐसी धमकियों के मनोवैज्ञानिक एवं संवेदनशील असर को गहराई से समझने की जरूरत है। क्या ऐसी बार-बार मिल रही धमकियों से हम एक डरा हुआ समाज ही नहीं, बल्कि एक लापरवाह समाज भी बना रहे हैं? आज ऐसी धमकियों से हमें डर लग रहा है, लेकिन कल हो सकता है, ये धमकियां हमें लापरवाह बना दें। तब शरारती तत्व किसी बड़ी घातक एवं अनहोनी घटना को अंजाम दे देने में सफलता पा ले। जरूरत है स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ अस्थायी जांच और अलार्म तक सीमित न रहे। एक स्थायी और आधुनिक सुरक्षा फ्रेमवर्क लागू किया जाना चाहिए, जिसमें सीसीटीवी, बायोमैट्रिक एंट्री, इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम आदि अनिवार्य हों। साथ ही, स्कूलों को अपने स्तर पर भी पुख्ता सुरक्षा के प्रबंध रखने चाहिए। बच्चों के आने और स्कूल तक पहुंचने के मार्ग खुले, चौड़े व स्पष्ट होने चाहिए। यह परखना चाहिए कि स्कूलों में अग्निशमन की व्यवस्था है या नहीं? इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्कूल सुरक्षित है या नहीं? अलार्म और निगरानी व्यवस्था चौकस है या नहीं? जो स्कूल टूटे-फूटे हुए हैं, जिन स्कूलों में जल भराव या फिसलन की समस्या है, वहां विशेष रूप से उपाय करने की जरूरत है। इस तरह की धमकी देने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो। आईटी एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत त्वरित कार्यवाही से ही ऐसे अपराधियों को रोका जा सकता है। धमकियां झूठी भी हों, तो भी दोषियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि सभी को सबक मिले।



ललित गर्ग

यह अच्छी बात है कि दिल्ली के अनेक स्कूलों ने अपने विद्यार्थियों को ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित कर रखा है। शुक्रवार को जब धमकी की बात सामने आई, तब भी अनेक स्कूलों में कक्षाओं को बहुत आसानी से खाली करा लिया गया। सारे विद्यार्थी अपेक्षाकृत ज्यादा सुरक्षित जगहों पर पहुंच गए। वास्तव में, यह एक अनिवार्यता है कि सभी स्कूल अपने विद्यार्थियों को समय-समय पर प्रशिक्षित करें और मानसिक रूप से मजबूत रखें एवं ऐसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दें। स्कूलों में मनोवैज्ञानिक परामर्श की व्यवस्था हो ताकि ऐसे हादसों से बच्चों और शिक्षकों पर पड़ने वाले मानसिक दुष्प्रभावों को कम किया जा सके।

# उत्तराखंड पंच केदार की तर्ज पर ही हैदराबाद में दक्षिणेश्वर केदारनाथ का भव्य मन्दिर बनाने का संकल्प लिए है: राजश्री जयपाल नयाल सनातनी

पिछले 25 सालों से सनातन धर्म के मूल बिंदुओं पर चलकर गौरक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए स्वामी करपात्री जी महाराज के अनुयाई, वर्तमान में हैदराबाद के गौ सांसद ( ज्योतिष पीठ के शंकरचार्य स्वामी अभिमुकेश्वरानंद सरस्वती के आदेश पर ) काशी सुमेरु पीठ शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी के दक्षिण भारत सचिव की सेवा दे रहे और सर्वदलीय गौरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सेवा दे रहे राजर्षी जयपाल नयाल सनातनी ( रामराज्य वादी चिंतक-विचारक ) वर्तमान में हैदराबाद में पंच केदारनाथ मंदिर बनवा रहे है। आपने अब तक 40 से अधिक कथाओं का आयोजन किया है और काशी से काठमांडू गाय के प्रचार हेतु बाइक रैली निकाली है। कई बार गौ वंश के प्रचार हेतु गौ मैराथन दौड़ो का आयोजन किया है। अनेक सामूहिक गौ भजन संध्याओं का आयोजन आप करते रहते है। गाय के अलावा आप बैलों को बचाने के लिए सेल्फी विद नंदी के अनेक कंसेप्ट करते रहते है।

मूल उत्तराखंड का शरीर होने के नाते भगवान केदारनाथ के आप जन्मजात दास अपने को मानते है इसी कारण ईश्वर की कृपा हुई कुछ उत्तराखंड में जमीन जायदाद थी उसे बेच कर हैदराबाद में श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ नाम से दिव्य और भव्य मंदिर बनाने का संकल्प लिए है। श्री नयाल सनातनी का कहना है उत्तराखंड के केदार नाथ में पंच केदार है जिनमें केदारनाथ, तुंगनाथ, रुद्रनाथ, मध्यमहेश्वर और कल्पेश्वर।

पंच केदार मंदिरों के नाम इस प्रकार हैं:

केदारनाथः

यहां भगवान शिव की पूजा कूबड़ के रूप में की जाती है।

तुंगनाथः

यहां भगवान शिव की पूजा भुजाओं के रूप में की जाती है।

रुद्रनाथः

यहां भगवान शिव की पूजा मुख के रूप में की जाती है।

मध्यमहेश्वरः

यहां भगवान शिव की पूजा नाभि के रूप में की जाती है।

कल्पेश्वरः

यहां भगवान शिव की पूजा बालों के रूप में की जाती है।

केदारनाथ के अलावा यहां बाकी के 4 केदार के दर्शन बहुत कम लोग कर पाते है क्योंकि ये बहुत दुर्गम स्थानों में है। हमारे परम केदारनाथ शिव के भक्त श्री नरेंद्र मोदी जी भी अभी तक इन पांचों केदारों के दर्शन नहीं कर पाए क्योंकि यहां पैदल रास्ता बहुत कठिन है हवाई जहाज आदि यहां जाना मुश्किल है। श्री नयाल सनातनी कहते है मेरे फौजी पिता जी परम शिव भक्त थे उन्होंने अनेक शिव मंदिरों का जीर्णोद्धार किया देवी माता के मंदिर बनवाए वे भी मेरी माता जी को लेकर श्री केदारनाथ की यात्रा में गए पर उनकी इच्छा थी कि वे पांचों केदारों का दर्शन करें पर उनकी इच्छा पूरी नहीं हो पाई। मुझे बड़ा गम था मै अपने माता पिता को पंच केदार दर्शन नहीं करा पाया। तब मैने संकल्प लिया अगर भोलेनाथ की कृपा हुई तो मैं पंच केदार मंदिर जरूर बनाऊंगा और भारत प्रत्येक सनातनी शिव भक्त के माता- पिता को दर्शन करारूंगा। और भोलेनाथ ने मेरी पुकार सुन ली इधर मेरे मित्रों ने जमीन दिखाई मेरे को पहली ही नजर में भा गई हमने भूमि पूजा पर काशी सुमेरु पीठ शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी और अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के पूज्य गुरुभाई कमल नयन दास जी के कर कमलों से भूमि पूजन किया। इस अवसर पर स्थानीय सांसद विधायक सभी ने सेवा दी।



अब इस समय श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा सबसे पहले रुद्रनाथ शिव लिंग स्थापित कर पूरे सावन भर के लिए महा रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन रखा है जिसे काशी सातुवा बाबा आश्रम से दीक्षित पूज्य विनयानंद दुबे जी महाराज के आचार्यत्व में दिव्य अनुष्ठा हो रहा है।

योजना अनुसार मंदिर अगले 3 से 4 साल में पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा। बाकी भोले नाथ की जैसी कृपा दृष्टि होगी।

अनेकों जन्मों के पापों के क्षय होने और पुण्यों के उदय होने पर आज जो सौभाग्य मुझे मिल रहा है इसका ऋण में कब चुका पाऊंगा यह सोच सोच कर गदगद हो जाता हूँ। वही श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष महिपाल बिड़लान ने

राजर्षी जयपाल नयाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि सनातन धर्म में ऐसे हजारों योद्धा हुए है जो अपने धर्म के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देते हैं नयाल सनातनी भी ऐसे ही योद्धा हैं।

श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन नयाल जी ने मंदिर के निर्माण का कार्य तेजी से आरम्भ किया है। और जल्दी ही एक भव्य मन्दिर सभी सनातनी हिन्दुओं को समर्पित होगा। साथ ही राजश्री जयपाल नयाल सनातनी श्री कृष्ण जन्मभूमि आंदोलन में भी अपना सहयोग देंगे।

# इंद्रप्रस्थ कॉलेज में बीटेक के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी गुर्जर

**सहारनपुर।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी सहारनपुर में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किए गए परीक्षाफल में बीटेक के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। परीक्षाफल में बीटेक कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान हरिओम त्यागी, द्वितीय स्थान विपिन सैनी तथा तृतीय स्थान मनोज कुमार भास्कर ने प्राप्त किया। बीटेक कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष में प्रथम स्थान रिदम धीमान, द्वितीय स्थान स्नेहा सैनी तथा तृतीय स्थान वैशाली ने प्राप्त किया। इसके अलावा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों में आरिश मलिक रहे। सभी मेधावी छात्राओं को संस्था का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने बताया कि डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षाफल में छात्र छात्राओं द्वारा उम्दा प्रदर्शन किया गया है तथा छात्रों ने मेहनत से बहुत अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने छात्रों को विश्वविद्यालय स्तर पर रैंक लाने हेतु प्रेरित किया। संस्था के उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता ने कहा कि छात्रों द्वारा परीक्षाफल में अच्छे अंक लाना छात्रों की मेहनत का नतीजा है उन्होंने छात्रों को उनकी पढ़ाई में और अधिक अच्छा प्रदर्शन करने के लिए हर संभव मदद उपलब्ध करने का आश्वासन दिया। सम्मान पाकर छात्र छात्राओं ने संस्था का धन्यवाद प्रकट किया। कार्यक्रम में अश्वनी कुमार, सूर्यकांत, मोहित कुमार, दीपक बर्मन, हेमंत कटारिया, ओमपाल ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं भेंट की।




# पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जायेगा: अनिरुद्ध त्रिपाठी

वेलकम इंडिया

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ बस्ती मण्डल की बैठक शिवहर्ष उपाध्याय किसान इंटर कालेज में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष गुलाब चंद्र मौर्य व संचालन मंडल मंत्री अरुण कुमार मिश्रा ने किया। प्रदेश महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जायेगा। 31 जुलाई को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया जायेगा। रुके हुए आफलाइन ट्रांसफर आदेश को निर्गत कराया जायेगा। आकांक्षी जनपदों में भी ऑनलाइन स्थानांतरण के लिए संघर्ष किया जायेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह ने कहा कि शिक्षकों को जो भी उपलब्धियां मिली है वह शिक्षक संघ के संघर्षों के कारण मिली हैं। उसके सुरक्षा की जिम्मेदारी हम लोगों की हैं। सरकार के रुख को देखते हुए शिक्षकों को सेवा सुरक्षा के लिए संगठित रहना होगा। प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने संत कबीर नगर के जीपीएफ भुगतान का मुद्दा उठाया और कहा कि जिले में जीपीएफ भुगतान को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। अधिकारी मनमानी पूर्ण आचरण कर रहे हैं। बेलहर के शिक्षकों का समाधान नही हो पा रहा हैं। एनपीएस से जीपीएफ में गए कर्मचारियों की प्रान एकाउन्ट में जमा धनराशि जीपीएफ खाते में ट्रांसफर नही किया जा रहा हैं। बैठक को प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी, राम पूजन सिंह, मनोज सिंह, जितेंद्र शाही, महेश राम, अजय प्रताप सिंह, दिनेश यादव, राम विलास चौधरी, डा. बेचन यादव, गिरिजानन्द यादव, विंध्याचल सिंह, जय प्रकाश गौतम, सतीश रंजन सिंह, राजित राम वर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा किया गया नवनिर्मित जी-12 बिल्डिंग का निरीक्षण




वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के साथ रिजर्व पुलिस लाइन्स, रामपुर में नवनिर्मित जी-12 आवासीय बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी टाण्डा/लाईन, क्षेत्राधिकारी शाहबाद तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

# तहसील बिलासपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनीं जनसमस्यायें

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील बिलासपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विद्युत विभाग, नगर पालिका, विकास खण्ड कार्यालय, पुलिस विभाग, पेयजल विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित कुल 24 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 05 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शेष शिकायतों का निस्तारण नियत समय-सीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए और प्रत्येक शिकायतकर्ता को समाधान की स्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका को विशेष रूप से निर्देशित किया कि नगर क्षेत्र में नालियों एवं उसके आस-पास की सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करायें, ताकि बरसात के मौसम में जलभराव एवं संक्रमण जैसी समस्याओं से आमजन को राहत मिल सके। पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में नियमित रूप से गश्त करें, जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरतें। इसी प्रकार तहसील मिलक में मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील स्वार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अम्बरीश कुमार बिन्द की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 12 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील शाहबाद में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुई और 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।



# अहिरपुरा में टूटे पुल के चलते कांवड़ यात्री हुए चोटिल

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** नूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरपुरा में टूटे पुल के चलते कांवड़ यात्री चोटिल हो गए। बीती रात्रि लगभग 12 बजे कुछ कांवड़ यात्री नूरपुर से 4 किमी दूर बिजनौर की ओर ग्राम अहीरपुरा में स्टेट हाईवे पर काफी दिन से टूटे पड़े पुल से गुजर रहे थे। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। हरिद्वार से कावड़ लेकर आ रहे यात्रियों की बाइक सड़क किनारे रेत के भरे कट्टे पर फिसलने से उन्हें बहुत चोटें आईं। मंडल मंत्री भाजपा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर महामंत्री राहुल यादव सहित अन्य लोगों का कहना है कि रोड के साइड में बाजरपुर से भरे कट्टे रखे हुए हैं, जिसकी वजह से कावड़ यात्री की बाइक टकरा गई और उन्हें गंभीर चोटें आईं। राहुल यादव ने जिलाधिकारी बिजनौर से अपील की है कि हाईवे मार्ग पर बनी इस पुलिया को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके।



# रोमियो ग्रुप ने किया नृत्य प्रतियोगिता जो जीता वही सिकंदर का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**धामपुर।** रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप धामपुर द्वारा दुर्गा पब्लिक स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता जो जीता वही सिकंदर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व राजू गुप्ता (पूर्व पालिका अध्यक्ष) बबीता रानी, आफताब, सिद्दीकी, सुगम जैन युवा भाजपा नेता सतवेन्दर सिंह गुजराल, वरिष्ठ पत्रकार नितिन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अर्पित त्यागी, मोहम्मद सुभान, सलमान फरीदी कुंवर अनिल राजपूत, गुरदीप सिंह चावला, मनजीत सिंह सलूजा, सुनील अग्रवाल आदि अतिथियों ने मां सरस्वती जी की मूर्ति के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें जनपद की नृत्य प्रतिभाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। निर्णायक मंडल मे बबीता, ऐश्वर्या चौधरी, रोमियो मयूर के निर्णय अनुसार सब जूनियर ग्रुप में माही प्रथम, सौम्या द्वितीय, विधि सैनी तृतीय स्थान पर रही। जूनियर ग्रुप में तोशिका राजपूत प्रथम, जाकिया द्वितीय, राशि में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर ग्रुप में एंजेल प्रथम, अंशिका द्वितीय और खुशी तृतीय स्थान पर रही। किन्ही वर्गों में खुशहाली राजपूत को बेस्ट डांसर अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजू गुप्ता ने कहा कि रोमियो मयूर जनपद की प्रतिभा को निखार रहे हैं तथा उन्हें उचित मंच प्रदान कर रहे हैं। रोमियो मयूर के द्वारा सिखाए हुए बच्चे विभिन्न टीवी कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखा चुके हैं। उन्होंने रोमियो मयूर के कार्यों की प्रशंसा की इस मौके पर गायन के क्षेत्र में जनपद में रोशन करने वाले गुलफाम को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवेंद्र अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन शुभम वालिया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश चंद नवीन, भूपेंद्र सिंह चौहान, अरुण शर्मा, गरिमा भारद्वाज, अदिति शर्मा, सुमित सैनी और नंदिनी काजल आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में रोमियो ग्रुप के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, डी.एस चौहान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



- जनपद की प्रतिभाओं को निखार रहे हैं रोमियो मयूर
- खुशहाली राजपूत को मिला बेस्ट डांस अवॉर्ड

# चांदपुर के रामलीला मैदान में विशाल भंडारे का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर :** शिवरात्रि पर नगर के रामलीला मैदान में कांवड़ियो की सेवा के लिए 19 जुलाई से 22 जुलाई तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विवेक कॉलेज बिजनौर के चेयरमैन अमित गोयल ने बताया कि विशाल भंडारे में कांवडतियों की सेवा की जाएगी। विशाल भंडारे में कांवड़ियो सेवा हेतु नाश्ता, दूध, कच्चा व पक्का खाना, सोने के लिए बिस्तर की व्यवस्था, नहाने के लिए ताजा पानी की व्यवस्था, कावड़ को कंधा देने की व्यवस्था तथा दवाई आदि की पूर्ण व्यवस्था रहती है रात्रि में जागरण की भी व्यवस्था रहेगी। इच्छुक धर्म प्रेमी अपने घरों से पक्का भजन जैसे पराठा, पूरी,सब्जी लाकर कांवड़ियो की सेवा कर सकते हैं।



# मानव जीवन में जल के महत्व बराबर वृक्षों का मूल्य - रविन्द्र काकरान

वेल्कम इंडिया महमूद रजा

नजीबाबाद नगर के गंगोत्री ग्लोबल एकेडमी में बच्चों को सेना भर्ती के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई और बताया कि स्कूली बच्चों के लिए सेना में जाने के कई रास्ते हैं, जिनमें सैनिक स्कूल, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल और राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज शामिल हैं। इन संस्थानों में प्रवेश के लिए, छात्रों को प्रवेश परीक्षा, साक्षात्कार और चिकित्सा परीक्षणों से गुजरना होता है। जानकारी देते हुए आपरेशन सिंदूर एवं पुलवामा अटैक की भी जानकारी दी गई।तत्पश्चात पूर्व सैनिक रविन्द्र काकरान ने मानव जीवन में पौधों का मूल्य बताया गया।उन्होंने बताया कि जीवन में जिस तरह जल का महत्व है, ठीक उसी प्रकार हमारे जीवन में पेड़-पौधों का भी उतना ही महत्व है। उन्होंने कहा कि आज अगर हम सभी लोग पौधारोपण के लिए आगे नहीं आएंगे तो एक दिन ऐसा समय आएगा कि पृथ्वी से मानव जीवन का अस्तित्व मिट जाएगा। इसलिए सभी लोगों को पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने के प्रति गंभीर होना चाहिए। इस दौरान विद्यालय स्टॉफ के साथ-साथ स्कूली छात्रों को पौधे भेंट किए। उसके बाद विद्यालय परिसर में एक नीम एवं एक पिलखन का पौधा लगाकर बच्चों को उनके संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई।इस अवसर पर पूर्व सैनिक रविन्द्र काकरान पूर्व सैनिक पवन शर्मा सहित अनेक संख्या में छात्र एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# मारपीट के दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया

वेल्कम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर के नजीबाबाद नगर में पुलिस ने सोशल मीडिया पर मारपीट की वायरल वीडियो से संबंधित एक युवक को एक दिन पूर्व ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो और युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया।पीड़ित हिमांशु कुमार पुत्र मुनेश कुमार निवासी ग्राम जगदीशपुर उर्फ बाजोपुर थाना नजीबाबाद अपने दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से लुकादड़ी जा रहा था तभी रास्ते में युवक गुलशन पुत्र अमर सिंह, पंकज, सागर पुत्र पीयोम निवासी लालू वाला थाना नजीबाबाद एवं तीन चार अज्ञात लड़के जो दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आये और पीड़ित हिमांशु के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और मारपीट का वीडियो बनाया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये, उसके बाद युवकों द्वारा मारपीट के वीडियो को वायरल कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो और युवकों गुलशन पुत्र अमर सिंह, पंकज पुत्र जसराम निवासी ग्राम लालू वाला थाना नजीबाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।और अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।



# राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत ,बीडब्लूआर मीटिंग का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर स्योहारा सीएचसी स्योहारा में डब्ल्यू एच ओ, एस एम ओ की अध्यक्षता में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत,इहफ मीटिंग का किया गया आयोजन कोई भी गर्भवती महिला और बच्चा टीका से नहीं छूटना चाहिए डॉ जयनारायण सिंह ,एस 0एम0 ओ0 शासन की मुख्य प्राथमिकताओ में से एक राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत होने बाली साप्ताहिक इहफ समीक्षा बैठक साप्ताहिक इहफ मीटिंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा जनपद बिजनौर में डब्ल्यू एच ओ एस एम ओ बिजनौर, डॉ0 जयनारायण जी की अध्यक्षता सीएचसी स्योहारा में आहूत हुई ।इस दौरान सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ0 बी0 के0 स्नेही भी उपस्थित रहे। एस एम ओ डॉ जयनारायण जी ने डब्ल्यू एच ओ मॉनीटर दिनेश कुमार जी द्वारा पिछले हफ्ते में मोनिटरिंग किए गए राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम टीकाकरण सत्रों के बारे में , वैक्सीन, लॉजिस्टिक आदि के फीड बैक के बारे में विस्तार से बताया ।साथ ही यू विन पोर्टल ओर ई कवच पोर्टल के सम्बन्ध में पुनः समझाया ।नए सत्र का माइक्रोप्लान सभी एएनएम को अपडेट करके बनाकर दिया जाएगा ।साथ ही रिक्त उपकेंद्रों के माइक्रो प्लान बनाने , ड्यू लिस्ट अपडेट करवाने, अवरोधी परिवारों की लाइन लिस्ट तैयार करने लेफ्ट आउट और ड्रॉप आउट बच्चो की लाइन लिस्ट तैयार करने के साथ हेड काउंट सर्वे को ऑनलाइन करने ओर पोलियो,खसरा,डिप्थीरिया सर्विलांस आदि के बारे में बैठक में चर्चा की गई और समय सीमा में टीकाकरण का माइक्रो प्लान जिले पर भिजवाने को भी बोला गया। गावी जिला बिजनौर होने के कारण टीकाकरण पर विशेष फोकस किया जा रहा है जिसमें 6 ब्लॉक में माइक्रोप्लान अपडेशन के संबंध में बैठक आयोजित हो चुकी है ।इस माह 29 जुलाई को यहां पर भी उक्त बैठक आयोजित की जाएगी ।साथ ही इस दौरान सरकार की प्राथमिकता बाली सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने और जनमानस को जागरूक करने के आदेश दिए गए। डॉ0 स्नेही ने बताया कि सरकार की मुख्य प्राथमिकता बच्चो और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण ही है ।कोई भी बच्चा टीका से नहीं छूटना चाहिए ।बच्चे ही हमारे देश का उज्जवल भविष्य है। साथ ही सभी गर्भवती महिलाओं की पेट की जांच भी अवश्य कराई जाए ।पर्दे ओर स्टैंड की व्यवस्था अनटाइड फंड से की जाए। इस दौरान डॉ0 बी 0के 0स्नेही,हैल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार,आई ओ वीर सिंह, बीपीएम शालिनी विश्नोई,डीओ अनम ,राशि , फार्मासिस्ट हरीश कुमार , प्रदीप कुमार, योगेश कुमार भी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने समाधान दिवस पर तहसील धनघटा पर पहुंचकर सुनी समस्याएं



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** शनिवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर संयुक्त रुप से तहसील धनघटा पर पहुंचकर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया ।इस अवसर पर उपजि लाधिकारी धनघटा सहित पुलिस व राजस्व के अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# काावड़ यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने की एंबुलेंस की तैनाती

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग ने कावड़ यात्रा में किसी भी तरह की घटना दुर्घटना की आशंका व्यक्त करते हुए हॉटस्पॉट स्थानों पर एंबुलेंस की तैनाती की है। और कर्मचारियों को अलर्ट रहने के दिशा निर्देश दिए हैं। जनपद भर में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जीवी के,ईएम आर आई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के द्वारा संचालित की जा रही है। कावड़ यात्रा में शिव भक्तों सेवा के लिए क्षेत्र के कई स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग ने एंबुलेंस की तैनाती की है। प्रोजेक्ट प्रबंधक मैनेजर जयविंदर सिंह और जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी के द्वारा बताया गया कि जनपद भर में दो दर्जन से अधिक एंबुलेंस हॉटस्पॉट स्थानों पर लगाई गई है। कावड़ यात्रा के दौरान किसी भी तरह की घटना दुर्घटना होने पर तुरंत मरीज का उपचार समय पर हो सके। नगर के सरकारी अस्पताल पर तैनात एंबुलेंस कर्मचारी कमल कुमार के द्वारा बताया गया कि थाना क्षेत्र के के स्थानो पर स्वास्थ्य विभाग ने एंबुलेंस की तैनाती की है। और सभी कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

# सैकड़ो पत्रकार कचहरी मुख्यालय पर पहुंच कर सीपी मोहित अग्रवाल तथा जेसीपी राजेश सिंह से मुलाकात किया

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी मिजार्मुराद** ।दैनिक समाचार पत्र के प्रधान संपादक एवं पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश संयोजक मनीष दीक्षित के नेतृत्व में शनिवार को सैकड़ो पत्रकार कचहरी मुख्यालय पर पहुंच कर सीपी मोहित अग्रवाल तथा जेसीपी राजेश सिंह से मुलाकात किया। इस दौरान पत्रकारों ने द्वय अधिकारियों को यह बताया कि बड़ागांव थाना प्रभारी के विरुद्ध खबर छापने को लेकर डीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल एक दैनिक समाचार पत्र के कार्यकारी संपादक एवं पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के खिलाफ एक्स हैंडल पर अमर्यादित टिप्पणी कर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। इसके साथ ही पत्रकारों ने सीपी व जेसीपी को पत्रकार विपिन पांडे के मामले से भी अवगत कराकर न्याय की मांग किया। पुलिस आयुक्त तथा जॉइंट पुलिसआयुक्त से मिलने वालों में घनश्याम पाठक,मनीष दीक्षित,डॉ वरुण उपाध्याय, सोनू सिंह,संतोष पांडे,पंकज भूषण मिश्रा, पवन त्रिपाठी,राघवेंद्र प्रताप सिंह,विनय मौर्य,आकाश यादव,प्रवीण चौबे,डीपी तिवारी,आफताब आलम,पवन पांडे,कृपा शंकर यादव, दिलीप कुमार दुबे,नीतीश वर्मा,लवकेश पांडे,अजीत कुमार सिंह,कमलेश यादव,गुलजार अली, राहुल सेठ,शशांक सिंह,अभिषेक पाण्डेय, कृष्णा पाठक,कृष्ण मोहन गुप्ता बंगा, उमेश दुबे, सुभाष सिंह,नीरज गुप्ता,कुलदीप सिंह,अरुण मिश्रा,अनीश मिश्रा,सुधीर उपाध्याय, दयाशंकर पांडे,कृष्णकांत मिश्र,आनंद चतुवेर्दी,घनश्याम यादव, नवीन प्रधान, संतोष पांडे,राजेश सिंह,मुकेश कुमार, शाहनवाज खान,ओम प्रकाश चौधरी, विपिन पांडे,ऋषिकेश पांडे, आकाश सरोज,तनवीर अहमद पुष्कर दीक्षित, राजेश भारद्वाज,शरद यादव, कुणाल त्रिपाठी,आनंद मौर्या, आकाश त्रिपाठी, रामजन्म यादव,लकी यादव,राहुल त्रिपाठी, सम्राट यादव,अमित यादव, अभिनव पाण्डेय,मधुकर मिश्रा, ऋषिकांत प्रजापति,दीपक बारी,विवेक कुमार यादव,मयंक कुमार,मनीष पाण्डेय, विजय जायसवाल,त्रिपुरारी यादव, सरफराज खान, अमृत लाल,यादव अभिषेक यादव सहित सैकड़ो पत्रकार मौजूद रहे।

## बच्चों के मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच चले लात-घुसे

**कांधला।** थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी में बच्चों के मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई मारपीट में दोनों ओर से जमकर लात घूसें चले दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। जन्नत कॉलोनी निवासी हाशिम ने बताया कि गत शुक्रवार की देर शाम उसका पुत्र उवैश घर के बाहर खेल रहा था आरोप है कि तभी महबूब की पत्नी शकीरा अपने परिवार के लोगों के साथ आई और उसके पुत्र व पत्नी रिहाना के साथ मारपीट करने लगी। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने पीड़ित के साथ भी जमकर मारपीट की। दूसरी और शकीरा पत्नी महबूब ने बताया कि उसका पुत्र समद गली में खेल रहा था तभी पड़ोसी व्यक्ति हाशिम व उसकी पत्नी सहित उसके पुत्र ने मारपीट की जब पीड़िता बीच बचाव करने के लिए आई तो आरोपियों ने लात घुसो सहित बेल्टों से मारपीट की है। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पड़ोस के लोगों ने 112 पुलिस को सूचना दी मौके पुलिस पहुंची, दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगाते हुए थाने पहुंच कर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## एसडीएम ने किया कावड़ शिविर निरीक्षण

**कांधला।** कस्बे के कई स्थानों पर लगाए गए कावड़ शिविर का एसडीएम ने देर रात पहुंच कर निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान शिव भक्तों से जानकारी कर नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम में मार्गों का भी निरीक्षण किया। एसडीएम निधि भारद्वाज ने देर रात कस्बे की बड़ी नहर स्थित कावड़ शिविर का निरीक्षण किया। एसडीएम ने कावड़ शिविर में खानपान रखरखाव का निरीक्षण करते हुए खाद्यान्न सामग्री की बारीकी से जांच की। उन्होंने शिव भक्तों से रहन–सहन आदि की जानकारी ली और उनके स्वास्थ्य के बारे में जाना। इस दौरान बुढ़ाना मार्ग स्थित कई स्थानों पर लगाए गए कावड़ शिविर का निरीक्षण किया। एसडीम ने पालिका कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें शिव भक्तों को किसी तरह की कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। कावड़ शिविर में शिव भक्तों की रहन–सहन की व्यवस्था दुरुस्त की जाए , धार्मिक स्थलों के बाद साफ सफाई की व्यवस्था समय–समय पर की जाए। इस दौरान उन्होंने कावड़ मार्गों का निरीक्षण किया और सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए।

## हर दुख सुख की घड़ी मे बैंक आप का साथ देता है: पंकज कुमार

**संतकबीरनगर।** हर दुख सुख की घड़ी मे बैंक आप का साथ देता है। जो हमे वर्तमान तथा भविष्य के चिंता से मुक्त रखता है। ऐसे में सभी को बैंकिंग योजनाओं से जुड लाभ लेने की आवश्यकता है। यह बाते शनिवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक सेमरियावां मे आयोजित किसान गोष्ठी एंव बीमा जागरुकता गोष्ठी मे लोगो को संबोधित करते हुए शाखा प्रबंधक पंकज कुमार ने लोगो से कही। उन्होंने ने कहा कि सरकार बहुत ही कल्याणकारी योजनाओ को संचालित कर लोगो को लाभान्वित करने की काम कर रही है। इसका अवश्य लेना चाहिए। गोष्ठी मे उन्होंने ने प्रधानमंत्री सुरक्षा जीवन ज्योति योजना तथा अटल पेंसन योजना, केसीसी , मुद्रा ऋण, केसीसी डेरी, केसीसी तत्काल योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इंडिया फस्ट लाइफ के अधिकारी ऋषभ श्रीवास्तव ने लोगो को बीमा संबधित जानकारी देते हुए कहा कि हम बीमा योजना का लाभ लेकर अपना वर्तमान तथा भविष्य दोनो को सुरक्षित बनाते है। ऐसे मे सभी को बीमा के लाभ से जुडना होगा।

# किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद दिलवाये सरकार

**समर्थ कुमार सक्सेना**



**लखनऊ।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने आरोप लगाते हुये कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से कालाबाजारी के चलते यूरिया और डीएपी खाद महंगे दामों पर खरीदने के लिए मजबूर किसानों को एम आर पी पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। त्रिवेदी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द से जल्द किसी को निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध नहीं कराई गई तो संगठन किसानों के साथ सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होगी। त्रिवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की विभिन्न जिलों में यूरिया एवं डीएपी की कालाबाजारी चरम सीमा पर है जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है, उन्होंने कहा कि कुछ दुकानदार दो बोरी यूरिया के साथ एक बोतल नैनो यूरिया जबरदस्ती बेच रहे हैं जिसको किसान लेने के लिए विवश है तथा कुछ दुकानदार यूरिया एवं डीएपी के साथ जिंक भी बेच रहे हैं यदि आप नैनो यूरिया व जिंक नहीं लेते हैं तो आपको युरिया या डीएपी दुकानदार नहीं देते हैं। त्रिवेदी ने बताया कि कुछ दुकानदार 290 रुपए बोरी तो कुछ दुकानदार 300-310-325 तक युरिया बेच रहे हैं। इसी प्रकार डीएपी खाद 1400, 1450, 1500 और 1550 रुपए प्रतिबोरी दुकानदार बेंच रहे हैं जबकि सरकारी रेट यूरिया खाद 266 रुपए 50 पैसे प्रति बोरी एवं डीएपी खाद 1350 रुपए प्रतिबोरी निर्धारित है।

# सालेहपुर से ऊंचहरा तक संपर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के आधा दर्जन गांवों को सेमरियावां से टेमा रहमत मार्ग से जोड़ने वाला सालेहपुर चौराहे से सालेहपुर गांव होते हुए ऊंचहरा तक जाने वाला संपर्क मार्ग मरम्मत व देखरेख के अभाव में गड्ढों में तब्दील हो गया है। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों सहित क्षेत्रवासियों में रोष कायम है।

सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के सालेहपुर चौराहे से सालेहपुर गांव होते हुए सफियाबाद, बैरियहवां, ऊंचहरा, मदाइन को सेमरियावा से टेमा रहमत मार्ग से जोड़ने वाला सालेहपुर से होते हुए सालेहपुर गांव से ऊंचहरा तक लगभग तीन किलोमीटर संपर्क मार्ग देखरेख व मरम्मत के अभाव में गड्ढों में तब्दील हो गया है। आये दिन लोग राहगीर चोटहिल होते रहते हैं। सरकार की गड्ढा मुक्त योजना भी इस सड़क की दुर्दशा को नहीं बदल सकी। 2010 में मंडी समिति से इस सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था। जिससे लोगों में आस जगी थी कि अब सफर की दुश्वारियों से निजात मिलेगी लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता और लापरवाही के कारण सड़क बदहाली का दंश झेल रही है। वर्तमान में इस सड़क का कोई पुरसानेहाल नहीं है। क्षेत्रीय ग्रामीण सैयद तारिक हुसैन, प्रधान मुहम्मद रमजान, मुहम्मद अल्ताफ, सायद, राम लक्ष्मण, अशोक कुमार, राजबली, शंकर, असगर अली, गुफरान, अजहर अली, जावेद अहमद, इन्साफ अली, अली रजा, राजाराम, सीता राम ने शासन- प्रशासन से सड़क का निर्माण कार्य कराये जाने की मांग किये हैं।

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक व्यक्ति घायल गंभीर हालात में रेफर

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित गांव जसाला के समीप बाइक सवार को अन्य बाइक सवार दो युवकों ने पीछे से टक्कर मार दी। बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी व्यक्ति भगत सिंह अपनी बाइक पर सवार होकर गांव जसाला के रास्ते से किसी कार्य से कस्बे में आ रहा था। बाइक सवार व्यक्ति जैसे ही दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित स्वास्थ्य केंद्र के समीप पहुंचा तो पीछे से बाइक पर आए दो अन्य युवकों ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार युवक हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हो गए घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने तुरंत घायल व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी होने पर घायल व्यक्ति के परिजन अस्पताल में पहुंच गए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल व्यक्ति के परिजन प्राथमिक उपचार कराने के बाद जिला अस्पताल ले गए मामले में थाने पर कोई भी शिकायत नहीं की गई।

# ससुर के तहरीर पर युवक के खिलाफ अपहरण व धर्म परिवर्तन का मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ससुर ने मिजार्मुराद थाने में तहरीर देकर बहु को भगा ले जाने के मामले में शनिवार को चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के जमालपुर मवई निवासी दूसरे समुदाय के मजहर नामक युवक खिलाफ शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का तहरीर दिया ।मिजार्मुराद पुलिस ने युवक के खिलाफ अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी थी। इस बावत प्रभारी निरीक्षक थाना मिजार्मुराद प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि विवाहिता के बयान के आधार पर युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 में पहले से दर्ज मुकदमे में 3/5 उत्तर प्रदेश धर्म परिवर्तन अधिनियम की धारा मुकदमें में बढ़ाई गई है।

जानकारी के अनुसार मिजापुर्र जिले के चुनार थानांतर्गत एक गांव की युवती की शादी साढ़े तीन वर्ष पूर्व मिजार्मुराद के कछवांरोड पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ हुई थी ।विवाहिता का पति गुजरात में प्राइवेट नौकरी करता है ।विवाहिता को एक बच्ची भी बताई गई। चार माह पूर्व इंस्टाग्राम के जरिए विवाहिता का संपर्क चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के जमालपुर मवई गांव निवासी मजहर से हुई। उसके बाद दोनों मोबाइल पर बातचीत करने लगे धीरे-धीरे दोनों के रिश्ते प्रगाढ़ होने लगा। कुल ढाई माह में दोनों का प्रेम प्रगाढ़ हुआ और प्रेम का रंग इस कदर चढ़ा की विवाहिता को युवक बहाल-फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले गया। विवाहिता प्यार में इतना पागल हो गई कि अपने मासूम बच्ची को ससुराल में छोड़कर युवक संग मुंबई चली गई। वहां से लौटे तो दोनों चोलापुर में किराए का कमरा लेकर रहने लगे ।पुलिस ने प्रेमी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है ।थाना प्रभारी ने बताया कि युवक को जेला भेजा जाएगा व विवाहिता को नारी निकेतन भेज दिया जाएगा। चुकी विवाहिता घर जाने के लिए तैयार नही है युवक के साथ ही रहने के जिद पर अड़ी है।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, तीन घायल, दोनों पक्षों से पड़ी तहरीर

**मिजार्मुराद।** खजुरी गांव ( मिजार्मुराद ) स्थित अर्जुन सिंह हॉस्पिटल में दो कर्मचारी ने पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार की शाम मारपीट कर लिए जिसमें एक पक्ष से जय कृष्ण यादव का सिर फट गया वही विजय यादव घायल हो गया व दूसरे पक्ष से अनीश कुमार यादव घायल हो गया ।जय कृष्ण यादव ने मिजार्मुराद थाने पहुंचे अनीश कुमार यादव, सोनू, अंकित समेत सात नामजद व अज्ञात के खिलाफ दुकान पर चढ़कर गाली-गलौज व हत्या की नीयत से मारने पीटने का तहरीर दिया वही दूसरे पक्ष से अनीश कुमार यादव ने जय कृष्ण यादव व विजय कुमार यादव समेत अन्य के खिलाफ मारपीट की तहरीर दिया ।मिजार्मुराद पुलिस दोनों पक्षों का तहरीर लेकर घायल जय कृष्ण यादव को मेडिकल व इलाज हेतु अस्पताल भेज दी।

# तहसील सदर में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक ने संपूर्ण समाधान दिवस / तहसील दिवस के अवसर पर सुनी समस्याएं

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में समस्याएं सुनी। जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को ध्यान पूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता से निस्तारण के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए के जनता के प्रति पुलिस का बड़ा ही सरल व मृदुल व्यवहार होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता ही सर्वोपरि होती है, जनता की समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी पहली प्राथमिकता है। उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने अवगत कराया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज सदर तहसील में कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी शिकायतें संबंधित विभागों को अग्रसारित कर दी गई है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता ने जानकारी देते बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में आज छाता तहसील के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 27 शिकायतें प्राप्त हुई और 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही ने अवगत कराया है कि तहसील मांट में 26 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्रजाक्ता प्राजक्ता त्रिपाठी ने बताया कि गोवर्धन तहसील में 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 7 का मौके पर निस्तारण किया गया तथा उप जिलाधिकारी महावन कंचन गुप्ता ने बताया कि तहसील महावन में 21 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# तथास्तु सेवा समिति ने किया पूजा अर्चना के पश्चात कावड़ सेवा शिविर का शुभारंभ



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

तथास्तु सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल शर्मा द्वारा शनिवार को रामेश्वरम शिव मंदिर निकट रिठानी मेट्रो स्टेशन मेरठ मैं कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया।

प्रातः 10:00 बजे हवन के उपरांत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक अनिल जी (क्षेत्र सेवा प्रमुख) व प्रचारक धर्मेंद्र जी (प्रान्त प्रमुख धर्म जागरण) के द्वारा रिबन खोलकर व नारियल तोड़कर शिविर का शुभारंभ किया तथा शिविर में उपस्थित शिव भक्तों को भोजन कराया। तथास्तु सेवा समिति के द्वारा आयोजित कांवड़ सेवा शिविर में सात्विक जलपान, भोजन, उत्तम विश्राम की व्यवस्था के साथ चिकित्सा शिविर भी चलाया जा रहा है। यह शिविर प्लास्टिक मुक्त तथा सात्विक जलपान व भोजन की उत्तम व्यवस्था का शिविर है। शिविर के उद्घाटन के समय मुख्य रूप से मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल, भाजपा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष विजेंद्र अग्रवाल, बलराज डूंगर, गुलाब सिंह, अमित त्यागी, सुनील शर्मा, विनीत गोयल, अमित भारद्वाज, निहारिका गोयल, इंदु रानी, मंजू शर्मा, इंद्रजीत, आशीष, रूप किशोर शर्मा, कपिल व अन्य शिव भक्त उपस्थित रहे।

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में हुई विज्ञान प्रश्नोत्तरी



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल नूरपुर बिजनौर मे विज्ञान प्रश्नोत्तरी 2025-26 सभी पांच हाउसो सुभाष हाउस, गांधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस और तेज हाउस के बीच विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ। सभी हाउस के कक्षा 3 से कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। सुभाष हाउस से ध्रुवी , सिद्रा, मनप्रीत, आदर्श, कार्तिकेय, पेरिस, भूमि, नव्या, अवनी , धैर्य, प्रीत ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। गांधी हाउस मे उमेरा, इशप्रीत, कृति, मानवी, युग, बिलाल, वंशिका, चेष्टा, आर्यन ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। टैगोर हाउस मे इशांक , इशिका, फलक, सत्यम यादव, ओम वंशीवाला, जसप्रीत कौर, शाल्वी यादव, मुदित, राधिका, मोह. मुआज ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। भगत सिंह हाउस मे अवनी , रश्मीन, दीप्ति, अर्चित, अभिनव, गर्व, मुकुल, माधव, अक्सा ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। तेज हाउस मे आहिल, दर्श, स्वस्ति, आदित्री, मीत, काव्या, तनवी, संस्कार, रुद्राक्ष, पर्व, वेदांत ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। हाउसवाइज नतीजे जारी- प्रथम तेज हाउस 75 अंक, द्वितीय टैगोर हाउस हाउस 57 अंक, तृतीया भगत सिंह हाउस 52 अंक। प्रतियोगिता के आयोजन में समन्वयक दीपक कुमार, गतिविधि प्रभारी अंशुल कुमार, विपिन कुमार, अंकित कुमार आदि शिक्षकों ने योगदान दिया। प्रबंध निदेशक मंदीप सिंह एवं प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया एवं विज्ञान के जीवन में महत्व के बारे में बताया।

# कुंजेरा गाँव कीकर मुक्त बनाने का संकल्प, एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लगाए पौधे

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कुंजेरा गाँव को कीकर मुक्त कराने का संकल्प लिए राजपाल ठेकेदार के नेतृत्व में कुंजेरा गाँव के अमृत सरोवर, पाली रोड़, पर स्थानीय प्रशासन व ग्रामीणों ने विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। शनिवार को ग्राम पंचायत कुंजेरा में युवा समाजसेवी राजपाल ठेकेदार (रज्जौ) व हरिसिंह दूधिया के नेतृत्व में एक पेड़ माँ के नाम अभियान कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी गिरीश चंद्र पंत व नायब तहसीलदार मीनू राजपूत ने संयुक्त रूप से अमृत सरोवर पर पौधारोपण कर किया। ग्राम प्रधान देवी सिंह पटेल सहित ग्रामीणों ने खुशबू, छायादार, फलदार व औषधीय के सैकड़ों पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं कुंजेरा गाँव को कीकर मुक्त करने का संकल्प लिया। गिरीश ग्रीस चंद्र पंत ने कहा कि वृक्ष न केवल जीवनदायिनी हैं, बल्कि ये जलवायु संतुलन, जैव विविधता और स्वच्छ वातावरण के लिए अनिवार्य हैं। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने में योगदान दें। राजपाल उर्फ रज्जौ ठेकेदार ने बताया कि कुंजेरा गाँव को कीकर मुक्त बनाने का संकल्प लिया है, उसी कड़ी में अमृत सरोवर व पाली कुंजेरा मार्ग पर करीब 300 पोधे चम्पा, बोतल पाम, फाइकस, पेंडुला अशोक, पीपल, पाखड़, बरगद, शीशम व नींम, अर्जुन, वटवृक्ष, तमाल, देशी कदम, जामुन, अर्जुन, वटवृक्ष, तमाल, आदि प्रकार के पौधे रोपे गए हैं। राजपाल उर्फ रज्जौ ठेकेदार ने अतिथियों का साफा बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान देवी सिंह पटेल, मनफूल दूधिया, सतीश दूधिया, महावो सिंह, चरन सिंह, रग्गो सिंह, जयपाल पहलवान, लाखन सिंह, बाबू दूधिया, हन्ना सिंह, कलुआ दूधिया, वीरो जादौन, लक्ष्मण आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने किए बिहारी जी के दर्शन



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/ वृंदावन।** उत्तर प्रदेश के माननीय मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग ए०के० शर्मा ने दिनांक 19 जुलाई 2025 को श्री बांके बिहारी जी मंदिर के दर्शन किए तथा पूजा-अर्चना की। भक्ति भाव से लीन माननीय मंत्री ए0के0 शर्मा ने ठाकुरजी के दर्शन किए और प्रदेश की समृद्धि व जनकल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही, श्रद्धालुओं ने भी मंत्री के प्रति आभार जताया।

# हाफिजगंज के बकैनिया गाँव में तेंदुए के शावकों के मिलने से ग्रामीणों में दहशत

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के बकैनिया गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ग्रामीणों ने खेत में बने एक झाड़ीनुमा झाले में तेंदुए के दो शावकों को देखा। घटना सुबह करीब 9 बजे की है। शावकों के मिलने के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। आशंका जताई जा रही है कि आसपास कहीं तेंदुआ भी मौजूद हो सकता है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण जब गांव के ही गौहर के खेत में पहुंचे तो झाड़ियों में कुछ हलचल सी महसूस हुई। पास जाकर देखा तो वहां तेंदुए जैसे दो छोटे-छोटे शावक बैठे हुए थे। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और वन विभाग को दी। ग्रामीणों का कहना है कि शावकों की मौजूदगी से यह साफ है कि उनकी मां यानी तेंदुआ भी आस-पास ही हो सकता है, जिससे गांव के लोगों में भय व्याप्त है। अब तो कुछ लोग खेतों की ओर जाने से भी बच रहे हैं। हालांकि वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच चुकी है और शावकों की निगरानी के साथ-साथ तेंदुए की संभावित मौजूदगी की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। वन दरोगा ने बताया है कि शावकों की हालत सामान्य है और उन्हें फिलहाल वहीं सुरक्षित रखा गया है। तेंदुए के मूवमेंट के संकेत मिल रहे हैं। शावकों के आसपास निगरानी बढ़ा दी गई है और ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे खेतों की तरफ अकेले न जाएं। गांव में तेंदुए की मौजूदगी की आशंका से लोग डरे और सहमे हुए हैं। वन विभाग की सतर्कता और समय पर कार्रवाई ही अब गांव को राहत दे सकती है।


# थाने के भीतर ही बनाई रील, हथियारबाज युवकों ने फिर दी खाकी को खुली चुनौती

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** सोशल मीडिया पर सनसनी फैलाने के लिए हथियार लहराने वाले युवकों की दुस्साहसी हरकतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले अवैध असलहों की नुमाइश और अब सीधे थाने के भीतर रील बनाकर वायरल करना, इन दोनों ही घटनाओं ने फतेहगंज पश्चिमी थाना और क्षेत्र पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना का मुख्य आरोपी आरिश खान उर्फ बाबा, जो खुद को सोशल मीडिया पर 'आर्टिस्ट' बताता है, अपने दोस्तों के साथ अवैध हथियारों की वीडियो बनाकर इंटरनेट पर पोस्ट करता रहा है। कुछ दिन पहले इसी तरह की पोस्ट पर पुलिस ने उसे और उसके साथियों को थाने बुलाया था। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि थाने के अंदर ही आरिश और उसके दो साथियों ने चोरी-छिपे एक और रील बना डाली। इस वीडियो में थाने की दीवारें, मेज-कुर्सियां और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी साफ नजर आ रहे हैं। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सवाल उठने लगे कि थाने के भीतर मोबाइल कैसे पहुंचा और ऑन ड्यूटी स्टाफ ने इसे कैसे नजरअंदाज कर दिया ? वहीं वीडियो वायरल होने के बाद अब पुलिस महकमा इस मामले पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाई की बात कर रहा है, इस मामले को लेकर सीओ हाईवे नीलेश मिश्रा ने स्पष्ट कहा है कि कानून का उपहास करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं प्रभारी निरीक्षक थाना फतेहगंज पश्चिमी सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा है कि पुलिस अब आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट, शासकीय कार्य में बाधा, और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है। फिल्हाल इस मामले ने पुलिस की कार्यशैली पर एक बार फिर से सवाल तो खड़े कर ही दिए हैं अब देखना होगा कि कानून की गरिमा से खेलने वालों को कानून कितना कठोर सबक सिखा पाता है।

# कांग्रेस शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में मनाई मंगल पांडे जयंती, कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित दी श्रद्धांजलि



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

हापुड़ में शनिवार को भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी आजादी की लड़ाई के प्रणेता मंगल पांडे की जयंती कांग्रेस शहर अध्यक्ष इरफान अहमद के नेतृत्व में बुलंदशहर रोड पर स्थित कार्यालय पर मनाई गई इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर जयंती मना उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी और कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष इरफान अहमद ने मंगल पांडे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 19 जुलाई, 1827 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में हुआ था। मंगल पांडे ने 1857 के भारतीय विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और उनके कार्यों ने भारत की स्वतंत्रता के लिए एक महत्वपूर्ण लड़ाई को प्रेरित किया।

विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह एडवोकेट ने कहा कि मंगल पांडे ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में एक सिपाही थे। उन्होंने 29 मार्च 1857 को अपने ब्रिटिश अधिकारियों पर हमला कर 1857 के विद्रोह की शुरूआत हुई। उनके साहस और बलिदान ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। मंगल पांडे की जयंती हमें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और हमारे पूर्वजों के बलिदानों की याद दिलाती है।

जिसका अर्थ है अंग्रेजों को मारो और यह नारा उस समय भारतीय सैनिकों और जनता में ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह की भावना जगाने के लिए था और उनका यह नारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। मंगल पांडे की जयंती पर कार्यक्रम में पूर्व विधायक गजराज सिंह , अनुसूचित विभाग के जिला अध्यक्ष नरेश भाटी, यशपाल सिंह ढिलोर, पूर्व सभासद एजाज अहमद, सरला देवी, कुसुमलता, आकाश त्यागी, अंकुर अग्रवाल, मौलाना कलाम, जस्सा सिंह, खुशनूद अली, वाई. के. शर्मा, वी. सी. शर्मा, दीपक मोघे, जलज तेवतिया, सुखपाल गौतम, अनूप कर्दम जिला सचिव, मुकीम खान वार्ड अध्यक्ष, अफजल कुरैशी, डॉ मोहम्मद अफजल, सुनीता देवी, राजेश देवी, अब्दुल गफ्फार हाजी आदि कांग्रेसीयो ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# मथुरा में लगभग रुपए 194 करोड़ की विद्युत एवं नगर निगम की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने शनिवार को पांचजन्य ऑडिटोरियम, मथुरा में एक भव्य समारोह में नगर निगम तथा विद्युत विभाग की कुल 194.46 करोड़ रुपए की 1762 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इसमें 130.29 करोड़ की विद्युत परियोजनाएं तथा 64.17 करोड़ की नगर निगम योजनाएं हैं। इन योजनाओं से मथुरा-वृंदावन की बिजली आपूर्ति, सफाई, सड़कें, जल निकासी और नगर सौंदर्यीकरण में बड़ा बदलाव आएगा। माननीय मंत्री जी ने अपने संबोधन के दौरान मथुरा वृंदावन के संपूर्ण विकास की बात करते हुए कहा कि मथुरा को काशी और अयोध्या जैसा भव्यता देना हम सबकी जिम्मेदारी है। मथुरा के साथ जो भी ऐतिहासिक गलतियां हुई हैं, जल्द ही उनका समाधान निकाला जाएगा।

**माननीय मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा:** काशी और अयोध्या की तरह मथुरा भी हमारी आस्था और आत्मा का केंद्र है। अयोध्या और काशी की भव्यता की तरह इसका समग्र विकास भी हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हर नागरिक को इसमें भागीदार बनना होगा। स्वच्छता सर्वेक्षण में ऐतिहासिक छलांग झ 94वें से 11वें स्थान पर पहुंचा मथुरा-वृंदावन* माननीय मंत्री शर्मा जी ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में मथुरा-वृंदावन नगर निगम की बड़ी उपलब्धि झ 94वें से 11वें स्थान पर आने पर जनपदवासियों, नगर निगम कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इसे जनता की सहभागिता और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। यदि कोई अधिकारी जनप्रतिनिधियों के फोन नहीं उठाता या उनकी समस्याओं की अनदेखी करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि माननीय जनप्रतिनिधि जनता की आवाज होते हैं और उनकी बातों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के कड़े दिशा निर्देश भी दिए।

# दहेज लोभियों ने ले ली एक और बेटी की जान

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** थाना सिरौली क्षेत्र के गांव सुकटिया में शुक्रवार को एक 20 वर्षीय विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मूल रूप से शाहजहांपुर जिले के थाना कटरा क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी राम देवी ने बताया है कि उनकी बेटी श्रीवती की शादी तीन साल पहले बरेली के गांव सुकटिया निवासी रोहन के साथ हिंदू रीति-रिवाज से की गई थी। हैसियत के मुताबिक शादी में दान-दहेज भी दिया गया था, लेकिन ससुराल पक्ष लगातार और दहेज की मांग को लेकर श्रीवती को प्रताड़ित करता था। राम देवी के अनुसार, श्रीवती को ससुराल वाले मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। पति रोहन आए दिन मारपीट करता था। शुक्रवार को अचानक रोहन की ओर से फोन आया कि बेटी की तबीयत खराब है। जब परिजन ससुराल पहुंचे तो श्रीवती मृत अवस्था में जमीन पर पड़ी मिली। परिजनों को शक है कि उसकी गला दबाकर या फांसी लगाकर हत्या की गई है। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका अपने पीछे एक छोटे बेटे को छोड़ गई है।

# ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी यूपी ने पार्टी प्रदेश कार्यालय पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर धूमधाम से मनाई अमर शहीद मंगल पांडे की जयंती

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़/बाबूगढ़** थाना क्षेत्र अंतर्गत कुचेसर चौपला स्थित ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कॉंग्रेस पार्टी यूपी ने प्रदेश कार्यालय पर प्रथम स्वाधीनता संग्राम सेनानी अमर शहीद मंगल पांडे को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए धूमधाम से मनाई जयंती कार्यक्रम सम्पन्न किया।आपको बता दें कि शनिवार को हापुड़ के पार्टी प्रदेश कार्यालय कुचेसर रोड चौपला पर अमर शहीद मंगल पांडे की 198वीं जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। मंगल पांडे का जन्म 19जुलाई 1827 को हुआ था।कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने मंगल पांडे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अमर शहीद मंगल पांडे ने 1857 के विद्रोह में अग्रिम भूमिका निभाई थी। जिस कारण उन्हें ₹प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत के रूप में जाना जाता है,। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने 2027 में होने वाले आगामी चुनावों में पार्टी के एजेंडे की जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी आगामी चुनावों में यूपी में सरकार बनने या समर्थन से बनने पर महिलाओं पुरुषों एवं वंचितों को लाभान्वित करेगी।जिसमें सरकारी रिक्त पदों पर युवाओं की भर्ती जनपदों के शुगर मिल फैक्ट्री, कंपनी एवं लिमिटेड फर्म में रिक्त पदों पर भर्ती, यूपी के हर घर एक गैस सिलेंडर प्रतिमाह ?500 में उपलब्ध कराया जाएगा।विधवा महिलाओं, तलाकशुदा महिलाओं, को 3 हजार रुपए प्रति माह पेंशन दी जाएगी। यूपी में किसानों को गन्ना समर्थन मूल्य ?425 एवं फसलों का उचित मूल्य सुनिश्चित किया जाएगा।किसानों की कृषि कार्य क्षेत्र में सहायता हेतु कृषि विभाग द्वारा कृषि एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाएगी।यूपी में पत्रकार बंधुओ की सुरक्षा को लेकर प्रेस मित्र आयोग का गठन प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। यूपी के सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के सभी छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। यूपी के सभी जनपदों में कॉलेजों में पढ़ाने जाने वाली महिलाओं को बसों में निशुल्क सेवा प्रदान की जाएगी। यूपी के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 200 यूनिट बिजली निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। यूपी में शहरी क्षेत्र में 10 वर्षों से अधिक किराए पर रहने वाले परिवारों को शहरी आवास योजना से निशुल्क रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। यूपी के 18 मंडलों में एम्स की तरह कैंसर और हार्ट पीड़ितों के लिए 24 घंटे सुविधा युक्त हॉस्पिटलों का निर्माण किया जाएगा। यूपी में सभी वृद्ध जन, वृद्ध महिलाओं को श्रवण कुमार योजना से निशुल्क तीर्थ यात्रा हर वर्ष कराई जाएगी। यूपी में बहन बेटियों के विवाह हेतु कन्यादान योजना से सीधा लाभान्वित किया जाएगा।टैक्सी चालकों और ई रिक्शा चालकों को परिवहन विभाग से निशुल्क रजिस्ट्रेशन और नई ड्राइविंग लाइसेंस 50% की अतिरिक्त छूट एवं 5लाख रुपए का निशुल्क दुर्घटना बीमा प्रदान किया जाएगा। यूपी में सभी व्यावसायिक फिल्म इंडस्ट्री और अन्य निवेशकों को सुलभ अवसर एवं निशुल्क अतिथि गृह प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पंडित हरिदत्त शर्मा, पंडित लोकेश शर्मा, अमित सागर, सचिन गोयल, महेश शर्मा, सुनील शर्मा, महन्त एन.के.त्रिपाठी, प्रकाश चंद शर्मा, कृष्ण शर्मा, दुष्यंत शर्मा, अभय सिंह, धर्मवीर कश्यप, आदि लोग उपस्थित रहे,।

# पुलिस की हुई मुठभेड़,एक घायल सहित 3 बदमाश गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



हापुड़ जनपद के थाना हापुड़ देहात पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई तीन चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए मुठभेड़ बाद घायल सहित तीन पशु चोर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। हापुड़ नगर क्षेत्राधिकार जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि थाना हापुड़ देहात प्रभारी विजय कुमार गुप्ता कावड़ यात्रा के दौरान भौर के समय अपनी पुलिस टीम के साथ सर्विस रोड मंसूरपुर कट के पास चैकिंग कर रहे थे तभी उन्हें गांव तातारपुर की तरफ से एक छोटा हाथी आता हुआ दिखाई दिया जिसे रोकने का इशारा किया गया तो वह नहीं रुका और चालक ने गाड़ी तेजी से दौडा दी तभी पुलिस ने गाड़ी का पीछा किया और गोंन्दी कट पर अपने को घिरा देख छोटे हाथी मे सवार व्यक्तियों गाड़ी को छोड़ कर खेतो की तरफ अलग अलग दिशा मे भागने लगे जिसमें से एक व्यक्ति ने पुलिस वालों को जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया और पुलिसकर्मी बाल बाल बच गए तभी पुलिस द्वारा आत्मरक्षा जवाबी फायर करने से एक पशु चोर घायल हो गया जिसके पैर में गोली लग गई और उसके दो ओर साथी को पीछा कर पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में घायल पशु चोर ने अपना नाम मोहसिन पुत्र गफ्फार निवासी रतुपूरा थाना सिंभावली हाल निवासी मोती कॉलोनी हापुड़ को गिरफ्तार कर तत्काल इलाज के लिए सीएससी हापुड़ भेजा गया, जुबेर पुत्र ताहिर निवासी करीमपुर व अमन पुत्र शरीफ निवासी पुरानी चुंगी रामपुर रोड थाना हापुड़ नगर बताया तथा चार अन्य पशु चोर अंधेरे का फायदा उठाकर मोके से भागने में कामयाब रहे। जिसकी काबिंग व तलाश की जा रही है।जिनके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा व एक खोका कारतूस तथा एक छोटा हाथी व चोरी की गई एक भैस बरामद हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है अभियुक्तगणों से से विस्तार से पूछताछ की जा रही है।

# मेडिकल कैम्प मे 65 बच्चों को दिया गया दिव्यांग प्रमाण पत्र

असदुल्लाह सिद्दीकी



**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड खेसरहा स्थित ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर दिव्यांग बच्चों की जांच और प्रमाण पत्र का वितरण हुआ। इस मेडिकल असेसमेन्ट कैम्प में 75 बच्चों की जांच हुई, इसमें 65 बच्चों का प्रमाण पत्र बना। राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के आदेश में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा एक से 12 तक अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल एसेसमेन्ट कैम्प का आयोजन किया गया था।

जिला समन्यवक समेकित शिक्षा करुणापति त्रिपाठी ने बताया कि कैम्प में कुल 75 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 65 बच्चों को प्रमाण पत्र हेतु चिन्हित किया गया। इसमें बौद्धिक अक्षमता के 13, श्रवण बाधित के 08, दृष्टि दिव्यांगता के 06, अस्थि दिव्यांगता के 38 जबकि 05 बच्चों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया व 05 बच्चों को प्रमाण पत्र हेतु अपात्र पाया गया। चिकित्सकों की टीम में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज/संयुक्त जिला चिकित्सालय से आर्थो सर्जन डॉ0 विमल द्विवेदी, नेत्र सर्जन डॉ0 शमीम, ईएनटी सर्जन डॉ0 संजय कुमार शर्मा, साइकेट्रिस्ट डॉ0 अफजल, ऑडियोलॉजिस्ट, बृजदीप कुमार, ऑप्ट्रोमेट्रिस्ट अतुल कुमार शामिल थे। इस दौरान टीम में राघवेन्द्र मिश्र, श्रीराम, सतेन्द्र, राममंगल, प्रमोद आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# अष्टधातु से निर्मित योग की उत्तर बोधि मुद्रा का सांसद ने किया लोकार्पण

असदुल्लाह सिद्दीकी



**शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ में चेतिया नकथर मार्ग पर स्थित राजकीय कृषि बीज गोदाम के पास अष्टधातु से निर्मित योग उत्तर बोधि मुद्रा का लोकार्पण सांसद जगदम्बिका पाल ने शनिवार को किया। योग मुद्रा का लोकार्पण के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि भगवान बुद्ध के धरती पर बुद्ध भगवान की एक मुद्रा योग मुद्रा थी जिसका निर्माण शोहरतगढ की चेयरमैन उमा अग्रवाल के द्वारा बहुत ही सुन्दर ढंग से किया गया। जिसके लोकार्पण से नगर पंचायत गौरवान्वित हैं। सांसद ने केन्द्र व प्रदेश सरकार के उपलब्धियों का व्याख्यान करते हुए योग मुद्रा पर प्रकाश डाला। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर ज्ञान प्रकाश, तहसीलदार अजय कुमार, ईओ सचिन चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय उर्फ पहलवान, अशोक बोरा, विष्णु बबुना, विजय परशुरामका, सभासद वकील खान, सभासद राजकुमार मोदनवाल, सन्तोष कुमार पोद्दार, शोहरतगढ थानाध्यक्ष विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी, कमलेश गुप्ता, बी0डी0 कसौधन के साथ नगर पंचायत के सभासद व भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहें।

# गढ़मुक्तेश्वर सीओ ने कांवरिए शिव भक्तों के साथ सेवा श्रद्धा भाव से प्रसाद किया ग्रहण



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/एसपी कुमार ज्ञानेंजय सिंह की हापुड़ पुलिस शिव भक्त कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत सेवा श्रद्धा भाव को लेकर पूर्ण रूप से समर्पित नजर आ रही है। जिसका नजारा शिवा भक्तों कांवड शिविरों में देखने को मिल रहा है। ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मी शिव भक्तों की सेवा में पूर्ण रूप से लीन है। इसी क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी गढ़मुक्तेश्वर वरुण मिश्रा सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर को भी शिव भक्त कांवरियों की सेवा में मम सर्वोपरि सेवा धर्म सार्थक करते नजर आए। और श्रद्धा सेवा भाव के साथ शिव भक्त कांवरियों के साथ कांवड़ शिविर में प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# झगड़े के बीच बचाव में गए पूर्व चेयरपर्सन के पुत्र पर जानलेवा हमला

वेलकम इंडिया



**किठौर।** कस्बा शाहजहांपुर की मंडी में सोमवार को दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान झगड़े में बीच-बचाव करने पहुंचे पूर्व चेयर पर्सन पति तबारक उल्ला के पुत्र अमान पर जानलेवा हमला किया गया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंडी में आढ़ती इस्तेखार के पुत्रों का किसी बात को लेकर मोमिन लोडर के पुत्रों से झगड़ा हो गया था। इसी दौरान अमान, जो पूर्व चेयरमैन तबारक उल्ला के पुत्र हैं, मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव कराने लगे। लेकिन मामला शांत होने के बजाय और उग्र हो गया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। झगड़े में अमान और मोमिन लोडर के एक पुत्र को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद अमान रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए किठौर थाने पहुंचे। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि थाने के सामने ही आढ़ती इस्तेखार के पुत्रों ने दोबारा उस पर हमला कर दिया। इस दुस्साहसिक हमले से थाने में मौजूद पुलिस कर्मियों मे हड़कंप मच गया।पुलिस ने किसी तरहॉ स्तिथि को नियंत्रण किया। घटना की सूचना मिलने पर पूर्व चेयर पर्सन पति तबारक उल्ला ने थाने में लिखित तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। चेयरमैन ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।वहीं इसी मामले मे इस्तेखार आढ़ती के पुत्र ने भी थाने पर तहरीर देकर मारपीट का आरोप लगाकर कार्यवाई की मांग की है।

# ककरहवा इंडो नेपाल सीमा पर मिली इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट सेंटर की मंजूरी : सांसद

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल के ककरहवा सीमा पर इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का जल्द ही निर्माण होगा। इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा, व्यापार तथा लोगों की आवाजाही के साथ-साथ अनेक देशों से आने वाले बुद्धिस्ट पर्यटकों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी। अब बुद्धा सर्किट से सीधा जुड़ेगे जिले के सभी बौद्ध स्थल। दुनियाभर के बौद्ध अनुयाइयों को मिलेगी सुविधा तो जनपद में भी बढ़ेगा टूरिज्म। पड़ोसी मुल्क नेपाल की तरफ से अभी कुछ औपचारिकताएं बाकी भी हैं। जिसे सुलझाने का प्रयास नेपाल के प्रधानमंत्री से मिलने जाएगा एक प्रति निधिमंडल। और जल्द ही मामल सुलझ जाएगा। यह बातें शनिवार को संदेश वाहक से सांसद जगदंबिका पाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए जानकारी देते हुए कहा।उन्होंने कहा कि माल व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, प्रवासियों और अन्य व्यक्तियों को हो रही कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए भारत नेपाल सीमा ककरहवा पर आव्रजन केंद्र कार्यालय स्थापित करने के संबंध में 7 मई 2025 को गृह मंत्रालय (टल्अ) भारत सरकार को व्यक्तिगत तौर और लिखित रूप से अवगत कराते हुए आग्रह किया था। उन्होंने बताया कि मामले की गृह मंत्रालय (टल्अ) के परामर्श से जांच भी हुई। तत्पश्चात गृह मंत्रालय ने सूचित किया है कि ककरहवा एक भू-सीमा शुल्क स्टेशन (छउर) है। और इसे भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (छढअक) की विस्तार योजना के चरण तृतीय में एक एकीकृत जांच चौकी (कउढ) के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव मंजूर किया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि आग्रह के जवाब में छढअक ने आगे सूचित किया है कि नवीनतम सरकारी आदेश के अनुसार, वाणिज्यिक संचालन 15 मई, 2025 को शुरू होने वाले थे। लेकिन चूंकि नेपाल की ओर बुनियादी ढांचा और संबंधित व्यवस्थाएं अभी तक नहीं हुई हैं। इसलिए मामला अभी लंबित है। बुनियादी ढांचा और संबंधित मुद्दे हल होने के बाद ककरहवा को एक अधिकृत आव्रजन जांच चौकी घोषित करने पर विचार किया जा सकता है।सिद्धार्थनगर के लिए एक तोहफा होगा ककरहवा की आईसीपी केंद्र - अमित शाह नेपाल और भारत के बीच का रिश्ता रोटी और बेटी का बहुत पहले से रहा है। अब ककरहवा नेपाल सीमा पर इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट के स्थापित होने से दोनों देशों के बीच का रिश्ता होगा और मजबूत। लुंबिनी नेपाल से से सीधा ककरहवा भारत आने का सीधा रास्ता सफल होगा। यह बातें जनपद सिद्धार्थनगर मुख्यालय पर स्थिति सांसद जगदंबिका पाल के कैंप कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में 4 बार के सांसद एवं भारत नेपाल देश के मैत्री संघ के प्रतिनिधि अमित शाह ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया। उन्होंने कहा कि जनपद सिद्धार्थनगर के लिए यह एक तोहफे से कम नहीं है।

# कांवड़ यात्रा में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही, कैंप से चिकित्सक नदारद

वेलकम इंडिया



**ऊंचागांव** : विकासखंड क्षेत्र के गांव नरसेना में कांवड़ यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आई है। भड़काऊ और नरसेना स्थित स्वास्थ शिवर कैंप से डॉक्टर घंटों नदारद रहे। यह लापरवाही सवाल खड़े करती है। प्रशासन की व्यवस्था पर यह सवाल खड़े करती है उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक कार्य प्रणाली पर कांवड़ मार्गों पर तैनात नोडल अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट सभी पर सवाल खड़े करती है। क्योंकि हर घंटे नोडल अधिकारी व सेक्टर मजिस्ट्रेट निरक्षण करते रहते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि दर्जन भर आला अधिकारी होने के बाद भी किसी को भनक तक नहीं है। नरसेना स्थित स्वास्थ कैंप का अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। जहां पर चिकित्सकों की लापरवाही प्रशासन के दावों की पोल खोल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर 2 बजे से पहले ही कैंप को छोड़कर चले जाते हैं। अब इस संबंध में सीएमओ बुलंदशहर ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारीयों की शिवरों में ड्यूटी लगाई गई है। इस प्रकार का कोई मामला संज्ञान में नहीं है, अगर ऐसा कोई प्रकरण है, जांच कराई जा रही है, आवश्यक कारवाई की जाएगी।

# .श्रवण कुमार बनकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मां की लंबी उम्र के लिए कांवड़ में ला रहे बैठाकर

वेलकम इंडिया



**ऊंचागांव** : विकासखंड क्षेत्र के गांव पाली आनंदगढ़ी निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजकुमार सिंह ने श्रवण कुमार की तरह अपनी मां को कांवड़ में बैठाकर हरिद्वार की यात्रा की है। राजकुमार सिंह ने अपनी मां की दीघार्यु के लिए यह अनूठा कदम उठाया है। राजकुमार सिंह अपने गांव से पैदल चलकर हरिद्वार पहुंचे। वे अपनी मां को कांवड़ में एक तरफ जल ओर दूसरी तरफ अपनी मां को बैठाकर पूरी यात्रा कर रहे हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजकुमार सिंह ने कहा कि वह यह यात्रा तब तक करते रहेंगे, जब तक मां की सेवा का संकल्प पूरा नहीं हो जाता। यह कांवड़ यात्रा आस्था के साथ साथ इंसानियत, कर्तव्य और मां बेटे के रिश्ते की गहराई को भी दशार्ती है। राजकुमार सिंह के इस संकल्प को देखकर श्रद्धालुओं की आँखें नम हो गई, और उनके इस संकल्प को नमन किया।

# डीएम-एसपी ने समाधान दिवस में पहुंचकर सुनीं लोगों की समस्याएं

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**सादाबाद।** तहसील सभागार में जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा, उप जिलाधिकारी सादाबाद एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ तहसील समाधान दिवस में जनसमस्याओं की सुनवाई कर निस्तारण की कार्यवाही को अंजाम दिया। जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों को लंबित न रखा जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को ओटीएस अभियान के तहत विद्युत बिल, मीटर रीडिंग, ओवर लोडिंग जैसी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शिकायतकताओं की समस्याओं का समाधान कराये जाने के निर्देश दिए। वर्षा के दृष्टिगत क्षतिग्रस्त विद्युत पोल-विद्युत लाईन की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराने के निर्देश दिए, जिससे कि आमजनमानस को समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि नाली, चकमार्ग, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण/अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों की पुनरावृत्ति किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि एवं चकमार्गों पर पुनः कब्जा किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए, यदि किसी भी व्यक्ति के द्वारा भूमि कब्जा मुक्त होने के पश्चात पुनः कब्जा करने का प्रयास किया जाता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तहसील समाधान दिवस में 84 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# भूजल सप्ताह के अंतर्गत सक्रिय स्काउट को पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर भूजल सप्ताह के अंतर्गत स्काउटस और उनकी माता के द्वारा एक पेड़ मां के नाम और भूजल को सुरक्षित करने के प्रयास में विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय में सक्रिय स्काउट के द्वारा कुछ स्काउट की माता के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल के निर्देशन में कुछ पौधे लगाए गए और सभी स्काउट को जल को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण कितना आवश्यक है। इसके बारे में विस्तार से बताया गया और उनको यह संकल्प भी दिलाया गया कि आप अपने घरों पर भी जहां पर भी स्थान मिले पौधे अवश्य लगाऐं वृक्षारोपण से धरती की जल धारण करने की क्षमता बढ़ती है। जिससे भूजल के स्तर में वृद्धि होगी भावी पीढ़ी को जल संकट से नहीं जूझना पड़ेगा। सक्रिय स्काउट को उनकी पर्यावरण और जल संरक्षण के प्रति लगाव लग्न के आधार पर प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने और उनको पर्यावरण मित्र से सम्मानित किया। जिसके लिए उनको एक प्रशस्ति पत्र दिया गया साथ ही उनकी माताओं को भी प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया ।ऐसे सम्मान पत्रों से छात्रों को और अधिक प्रेरणा मिलती है समय-समय पर विद्यालय में ऐसे कार्यक्रम प्राचार्य जी और शिक्षकों के नेतृत्व में होते रहते हैं। प्रधानाचार्य जी ने इसका उसको संबोधित करते हुए यह भी बताया कि किस तरह से हम घरों में जल की बबार्दी को रोक सकते हैं इसके लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की ।विद्यालय के छात्र स्काउटस एनसीसी कैडेट्स जन जागरूकता कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं ।जागरूकता आंदोलनों के द्वारा समाज को जागृत करने का काम करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान लिपिक सतीश कुमार, रीना शर्मा, कु ज्योति कुमारी आसना, संजीव कुमार चौधरी, प्रवीण जैनर आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# शनिवार को हरिओम बली ने दी कावड़ शिविर में भोजन व्यवस्था



वेलकम इंडिया

**बागपत, उत्तर प्रदेश।**विवेक जैन। कावड शिविरों में भोलो की सेवा के लिए समाजसेवी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को सुप्रसिद्ध समाजसेवी हरिओम बली ने अपनी ओर से शिव शंकर कावड़ सेवा समिति बाकनेर स्वतंत्र नगर नरेला के लधवाडी मोड़ स्थित कावड़ शिविर में भोजन की व्यवस्था की। हरीओम बली ने बताया कि आज भोजन में भोलो के लिए मटर पनीर, जीरा आलू, रायता, पूड़ी, तंदूरी नान, सादी रोटी, आलू टमाटर की सब्जी, चावल, सलाद व नाश्ते में बर्फी, मठरी, चाय, केला आदि की व्यवस्था की गयी। इस अवसर पर मंजू, आशीष, पायल, नेहा, सुलभ, रोहित, सुशील बली, अर्जुन प्रधान निवाड़ा, सुप्रसिद्ध समाजसेवी हरिओम बली, कपिल शर्मा, अरविन्द त्यागी ठेकेदार नेथला, महेन्द्र सिंह, कृष्ण पुत्र राममेहर, प्रियदेव, राजीव खत्री, संदीप खत्री, इंटरनेशनल अवार्डी व महामहिम राष्ट्रपति व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, जगपाल महाराज, रमेश कुमार, नरेन्द्र कुमार मुरथल, निखिल खत्री, प्रमोद सहित सैंकड़ों भोले और श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# गांव के बच्चों की शिक्षा पर संकट!, विद्यालयों के विलय के विरुद्ध ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, आंदोलन की दी चेतावनी



जितेन्द्र कुमार

**सादाबाद।** क्षेत्र के गाँव पल्हावत में प्राथमिक विद्यालय के बंद होने के विरोध में ग्रामवासियों में जमकर आक्रोश देखने को मिला। मौके पर पहुँचे कांग्रेस से विधानसभा प्रत्याशी रहे मथुरा प्रसाद कुशवाहा ने ग्रामीणों का साथ देते हुए कहा कि भाजपा सरकार चाहती नहीं कि कोई गरीब–मजदूर या किसान का बच्चा पढ़ लिखकर अफसर या अधिकारी बने, भाजपा सरकार की मानसिकता ही किसान व गरीब–मजदूर विरोधी है! भाजपा हमारे बच्चों को शिक्षा से दूर करके उन्हें अशिक्षा व अंधकार के दलदल में धकेलना चाहती है। बच्चों का भविष्य बर्बाद करना चाहती है। इस मौके पर उपस्थित रहे मुख्य ग्रामवासी एडवोकेट वीरेंद्र सिंह, रनवीर सिंह, गुडन सिंह, चिंकू सिंह, केशव, चंद्र मोहन सिंह, मनोज कुमार, हरि पहलवान, एवरन पहलवान आदि उपस्थित रहे।

# शिव कावड़ सेवा संघ का कांवड़ सेवा शिविर हुआ आरंभ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** शिव कावड़ सेवा संघ द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोदी शुगर मिल के निकट लगाए गए कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह द्वारा हवन पूजन के साथ किया गया। इस दौरान श्रद्धालु जनों को प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन कृष्ण वीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश, पूर्व सांसद प्रतिनिधि विनोद गोस्वामी ,रालोद जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, रालोद नगर अध्यक्ष मनोज त्यागी, भाजपा शहर अध्यक्ष आकाश शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र त्यागी, देवेंद्र चौ डायमंड, गीता कौशिक, अमित तिसावढ़, डॉ अनिला आर्या, दीपा वर्मा, पिंकी चौधरी, साधना शर्मा भाकियू नेता धर्मेंद्र नेहरा, अनिल सेन, अमित कराटे, गुरुवेद पंवार, सभासद ललित त्यागी आदि श्रद्धालुजन मौजूद थे।

# बरसात के मौसम में मछली पालन के लिए मछली पालको के लिए वैज्ञानिक सलाह दी गई

वेलकम इंडिया

**झाँसी।** रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी के मत्स्य वैज्ञानिकों ने बरसात के मौसम में मछली पालकों के लिए वैज्ञानिक सलाह दी है। डॉ. नीलेश कुमार और डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय ने बताया कि मछली पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जिसमें बरसात के मौसम में विशेष ध्यान रखने की जरुरत है। क मानसून के समय मछली पालक तालाबों के बांधों की अच्छी तरह से मरम्मत कर उन्हें मजबूत बनाए। तालाब में अतिरिक्त पानी के सुरक्षित निकास के लिए एक सुव्यवस्थित ओवरफ्लो चौनल/ निकास द्वार का निर्माण अवश्य करें। पानी निकास द्वार पर जाली लगाना आवश्यक है ताकि मछलियाँ बाहर न निकलें। मत्स्य पालक खरपतवारों को लगातार तालाब से हटाते रहें। तालाब में अत्यधिक जलीय खरपतवार मछलियों के लिए ऑक्सीजन प्रतियोगिता का कारण बनते हैं और जाल डालने में बाधा उत्पन्न करते हैं। बरसात के मौसम में तालाब में ऑक्सीजन की कमी से मछलियां ऊपर आ जाती हैं, सांस लेने में तकलीफ हो सकती है और अंततः मर सकती हैं। जिसका कारण है लगातार बरसात के बादल छाए और सूर्य के प्रकाश की कमी जिससे फाइटोप्लैंकटन द्वारा प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया धीमी हो जाती है। इसके अतिरिक्त, वर्षा का पानी कार्बनिक पदार्थों को बहाकर ला सकता है, जिसके अपघटन से भी ऑक्सीजन की खपत होती है। ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाने के लिए यांत्रिक वातन (एरेटर) का उपयोग करें या पानी में चूना और या पोटेशियम परमैंगनेट डालें। बारिश का पानी आमतौर पर अम्लीय होता है, जो तालाब के पानी के पी.एच. को कम कर देता है। जिससे पी.एच. में अचानक गिरावट से मछलियां तनावग्रस्त हो जाती हैं और बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकती हैं। पी.एच. को बनाए रखने के लिए चूने (कैल्शियम काबोर्नेट) का उपयोग करें।



अत्यधिक कार्बनिक भार और कम ऑक्सीजन स्तर के कारण अमोनिया और नाइट्राइट जैसे विषाक्त पदार्थ बढ़ सकते हैं। किसान किसी भी असामान्य व्यवहार, जैसे सतह पर तैरना, सुस्ती, शरीर पर घाव या फटे हुए पंख आदि के लक्षण दिखाई देने पर नियमित रूप से तालाब को साफ रखें और मृत मछलियों को तुरंत हटा दें।

यदि किसी बीमारी का प्रकोप होता है, तो तुरंत वैज्ञानिक सलाह लें और उचित रासायनिक उपचार करें। पोटेशियम परमैंगनेट, चूना या अन्य अनुमोदित दवाओं का उपयोग विशेषज्ञ की देखरेख में ही करें। बाहरी स्त्रोतों से मछलियों के प्रवेश को सीमित करें और उपकरण साझा करने से बचें, क्योंकि इससे बीमारियों का प्रसार हो सकता है।

# शिव भक्त कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा, सावन माह में उमड़ा भक्ति भाव



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** सावन मास के पावन अवसर पर राज चौपला, मोदीनगर में शिव भक्ति में लीन कांवरियों का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालु कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें सम्मानित किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण ₹हर-हर महादेव₹ और ₹बोल बम₹ के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस आयोजन में नगर के अनेक प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख हैं: जिला अध्यक्ष चेनपाल सिंह, विधायक डॉ. मंजू शिवाच, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र, सभासद ललित त्यागी, सभासद जितेंद्र चौधरी, अमित चौधरी (विद्यापुर), सप्पू गुर्जर सभी गणमान्य व्यक्तियों ने कांवरियों का पुष्प वर्षा और सेवा करके पुण्य लाभ अर्जित किया। जगह-जगह जलपान एवं विश्राम की व्यवस्था की गई, जिससे कांवरियों को कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर वक्ताओं ने शिवभक्ति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सावन मास आत्मशुद्धि और भक्ति की सर्वोत्तम अवधि है। कांवर यात्रा समाज में श्रद्धा, अनुशासन और एकता का सशक्त संदेश देती है।

# इन्डियन के बैंक मित्रों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**बहराइच।** सी०एस०पी० वेलफेयर एसोसिएशन इकाई द्वारा जिलाधिकारी मोनिका रानी को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही एवं बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है ।मालूम हो कि दिए गए ज्ञापन में इंडियन बैंक के बैंक मित्रों ने कहा कि विगत 10 से 12 वर्षों से हम सभी भारत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवा प्रदान करते रहे हैं। वर्तमान समय में बैंक के द्वारा मनमानी तौर पर कमीशन दिया जाता है जिसके कारण हम लोगों की आर्थिक स्थिति अत्यधिक खराब एवं चिंताजनक है यह मौजूदा समय में सरकार के द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे अटल पेंशन,जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का नामांकन करने हेतु मंडलीय कार्यालय के द्वारा ग्राहकों के खातों की लिस्ट जारी कर बिना ग्राहक के सहमति के नामांकन करने के लिए जबरन दबाव बनाया जा रहा है हम सभी के द्वारा इस तरह के कार्यों को मना करने के कारण हम सभी की मानसिक स्थिति बहुत चिंता जनक है एवं अत्यंत खराब है उपरोक्त विषय पर जिलाधिकारी से निवेदन किया है कि बैंक व कंपनी के खिलाफ उचित कार्यवाही करने एवं बैंकों द्वारा किए जा रहे शोषण व आजीविका को बचाने हेतु संगठन द्वारा बड़े आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी दी गई है।

# माँ सीता रसोई के द्वारा झूलन महोत्सव के अंतर्गत हुई साधु-संत-ब्रजवासी सेवा

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** ब्रह्मकुंड रोड़ स्थित ठाकुरश्री राधाकान्त मन्दिर में श्रीसीता रसोई के तत्वावधान में माँ सीता रसोई की संचालक व संकट मोचन सेना महिला प्रकोष्ठ (पंजाब प्रान्त) की प्रदेश अध्यक्ष बहिन मनप्रीत कौर की सुपुत्री कुमारी हेजल के द्वितीय जन्म दिवस के उपलक्ष्य में झूलन महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ ।जिसके अंतर्गत सैकड़ों संतों, विप्रों, एवं ब्रजवासियों को भोजन प्रसाद ग्रहण कराकर उन्हें वस्त्र व दक्षिणा आदि भेंट दी गई।

इस अवसर पर याज्ञिक रत्न आचार्य विष्णुकांत शास्त्री व विश्वविख्यात भागवताचार्य पंडित मृदुलकांत शास्त्री ने कहा कि सेवा ही परम धर्म है ।संतों, विप्रों और ब्रजवासियों की सेवा करने से साक्षात श्रीकृष्ण की सेवा करने का फल मिलता है ।इसके लिए हम बहिन मनप्रीत कौर को बहुत बहुत साधुवाद देते हैं। माँ सीता रसोई के प्रबंधक आचार्य अंशुल पाराशर एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि मां सीता रसोई की संचालक बहिन मनप्रीत कौर की बेटी हेजल का दूसरा जन्म दिन श्रीधाम वृंदावन के अलावा अयोध्या, लुधियाना, प्रयागराज आदि स्थानों के अतिरिक्त देश के विभिन्न स्थानों पर अत्यंत धूम धाम से मनाया गया है। प्रख्यात चित्रकार द्वारिका आनंद एवं सन्त प्रवर रामदास महाराज ने कहा कि बहिन मनप्रीत कौर कई वर्षों से अयोध्या और वृंदावन में ₹सीता की रसोई₹ चला रही हैं। जिसके माध्यम से वे धार्मिक स्थलों पर जा-जाकर इसी तरह साधु-संतों व निर्धनों-निराश्रितों की सेवा करती हैं। उनका प्रयास रहता है कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे।

# टूटी सड़क न बनने से गुस्साए लोगों ने नगर पालिका परिषद पर प्रदर्शन कर सीएम के नाम ईओ को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया




**शिकारपुर।** शुक्रवार को शिकारपुर नगर के दर्जनों महिला पुरुष एक साथ मिलकर पैदल यात्रा लेकर नगर पालिका पहुंचे जहां पर हल्ला बोल प्रदर्शन कर मौहल्ला सरस्वती विहार भगत सिंह चौक पर टूटी सड़क को सही करने की मांग की है साथ ही सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों को सराहनीय बताते हुए क्षेत्र के मौजूद लोगों ने नगर के सरस्वती विहार कॉलोनी के बीचो बीच सड़क पर हजारों वाहन प्रतिदिन नगर में प्रवेश करते हैं यह रास्ता क्षेत्र की जनता के लिए बनना बहुत ही जरूरी है। लेकर इसकी तरफ किसी का ध्यान नहीं है ।शिकारपुर चेयरमैन को महिलाओं ने उनका किया हुआ वायदा दिलाया याद उन्होंने कहा है कि जब आपने वोट मांगे थे तब यह वादा किया था कि इस टूटी हुई सड़क को सबसे पहले बनवाया जाएगा लेकिन यह आज तक नहीं बनवाई गई है इससे निकलने में जनता को काफी दिक्कतें हो रही हैं। इस टूटी सड़क को बनवाने के लिए एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम ईओ नीतू सिंह को सौंपा गया। ईओ ने नगर वासियों को बताया है कि इस टूटी सड़क मार्ग को बनवाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है शासन से जैसे ही स्वीकृति प्रदान की जाएगी उसके बाद इस सड़क का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही किसान नेता चौधरी नरेश प्रधान ने बताया है चेयरमैन ईओ को 10दिन का अल्टीमेटम दिया है कि इस टूटी हुई सड़क का कोई भी समाधान किया जाए, अन्यथा नगर पालिका परिषद कार्यालय पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर चौधरी नरेश प्रधान मनोज कुमार शर्मा, प्रताप सिंह, वीरपाल सिंह, सुखबीर सिंह चौधरी सुभाष चंद्र, रमेश सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, सोनम, ममता देवी, कल्पना कुमारी, नरेश देवी, खुशबू शर्मा, मंजू, ममता गर्ग, मंजेश, रूपवती देवी आदि मौजूद रहे।

# थाना प्रभारी निराला तिवारी सड़क पर उतरे, कांवड़ियों की सुरक्षा का लिया जायजा

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी के प्रभारी निरीक्षक निराला तिवारी कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क हैं। उन्होंने स्वयं सड़कों पर उतरकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और समस्त पुलिस स्टाफ को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए ।सीतापुर-लखीमपुर मार्ग, लहरपुर-खीरी कस्बा मार्ग और नकहा क्षेत्र में कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इन मार्गों पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि किसी भी स्थिति में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो ।कस्बे में निकलने वाली विशाल कांवड़ यात्रा को लेकर भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। थाना प्रभारी निराला तिवारी, खीरी चौकी प्रभारी साधना यादव और समस्त चौकी स्टाफ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी मुस्तैदी के साथ डटे रहे।

पुलिस टीम लगातार यात्रा के साथ चलकर यातायात और कानून व्यवस्था को संभालती रही ।थाना प्रभारी तिवारी ने बताया कि यात्रा के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित आयोजन के लिए हर स्तर पर निगरानी रखी जा रही है।

# जनसमस्याओं के समाधान को लेकर तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने हेतु जनपद में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। माह के प्रत्येक प्रथम और तृतीय शनिवार को आयोजित किए जाने वाले इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले की तीनों तहसीलों लोनी, मोदीनगर और सदर में अधिकारियों ने जनता की शिकायतें सुनीं और मौके पर ही उनके निस्तारण का प्रयास किया। लोनी तहसील में सम्पन्न समाधान दिवस की अध्यक्षता स्वयं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की। इस अवसर पर उन्हें कुल 60 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी समस्या को टालने की प्रवृत्ति न अपनाई जाए, बल्कि संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ हर मामले को गंभीरता से लिया जाए। डीएम के साथ मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एसडीएम राजेन्द्र सिंह, एसीपी लोनी समेत अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम (ई) रणविजय सिंह ने की। यहां कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शिकायतों को सुनने और निपटाने के दौरान एसडीएम अजीत सिंह, तहसीलदार, स्थानीय पुलिस अधिकारी और अन्य विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने समस्याओं की गंभीरता को समझते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की। वहीं सदर तहसील में कुल 20 शिकायतें सामने आईं, जिनमें से चार का समाधान तत्काल कर दिया गया। समाधान दिवस के इस आयोजन में भी प्रशासनिक अमला पूरी सक्रियता से मौजूद रहा और लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी दीपक मीणा ने लोनी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव को स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यालय में इंटरनेट, खेल सामग्री, शैक्षिक उपकरण जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में न केवल शिक्षा बल्कि बच्चों के समग्र विकास विशेष रूप से उनकी प्रतिभा को निखारने, स्वच्छता बनाए रखने और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थिति और संभावित सुधारात्मक उपायों का अवलोकन किया। जल से जुड़े संभावित संकटों, बाढ़ की आशंकाओं या अवैध निमार्णों से संबंधित स्थिति पर प्रशासनिक नजर बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता करना और फिर शैक्षणिक संस्थानों व ग्रामीण अवसंरचना का स्थलीय निरीक्षण करना यह दशार्ता है कि गाजियाबाद प्रशासन जनता की समस्याओं को लेकर न केवल सजग है, बल्कि उनके समाधान के लिए गंभीर और प्रतिबद्ध भी है। पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास को लेकर प्रशासन का यह सक्रिय रुख निश्चित रूप से जनविश्वास को और मजबूत करेगा।

# दूधेश्वरनाथ मंदिर मार्ग पर नगर निगम की व्यवस्था सराहनीय

वेलकम इंडिया






**गाजियाबाद।** सावन मास में जहां एक ओर श्रद्धा और भक्ति का माहौल अपने चरम पर है, वहीं गाजियाबाद नगर निगम ने सेवा भाव और प्रशासनिक जिम्मेदारी का सुंदर उदाहरण पेश किया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की पहल पर इस वर्ष प्राचीन दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के जलाभिषेक कर सकें और लंबी कतारों में सहजता से प्रतीक्षा कर सकें। सावन के प्रत्येक सोमवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूधेश्वरनाथ मंदिर पहुंचते हैं। भीड़ और गर्मी की तीव्रता को देखते हुए इस बार नगर निगम ने बैरिकेडिंग वाले पूरे मार्ग पर टेंट लगवाकर धूप से राहत की विशेष व्यवस्था करवाई है। साथ ही, राह में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है, जिससे गर्मी और उमस से राहत पाने में श्रद्धालुओं को बड़ी सहूलियत मिली है। श्रद्धालुओं द्वारा पहले की गई मांग को गंभीरता से लेते हुए इस बार निगम ने पहले ही यह तैयारी पूरी कर ली थी, जो न केवल समयबद्ध कदम है बल्कि संवेदनशील प्रशासन का प्रमाण भी है। दूधेश्वरनाथ मंदिर क्षेत्र, जो कि गाजियाबाद के धार्मिक नक्शे पर एक प्रमुख स्थान रखता है, वहां नगर निगम ने हर पहलू पर ध्यान दिया है। जस्सीपुरा से मंदिर तक पूरे मार्ग पर बैरिकेडिंग की गई है, और उसके ऊपर टेंट लगाए गए हैं ताकि सीधे सूर्य प्रकाश से श्रद्धालुओं को बचाया जा सके। कांवड़ यात्रा के दौरान पूरे रूट पर सफाई, रोशनी और स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं भी निरंतर सक्रिय रही हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम का हर अधिकारी, कर्मचारी और सफाई मित्र इस कार्य को केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सेवा समझकर निभा रहा है। कांवड़ यात्रा और सावन के सोमवारों को ध्यान में रखते हुए निगम का पूरा अमला 24 घंटे की ड्यूटी पर तैनात रहता है, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान में पार्षदों का सहयोग विशेष रूप से सराहनीय रहा है, जिन्होंने क्षेत्रीय स्तर पर व्यवस्था बनाए रखने में हरसंभव मदद की।

# हरियाली तीज महोत्सव 25 जुलाई को चटपटी चाट, रंगारंग कार्यक्रम और लकी ड्रा का भी आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और सेवा के प्रति समर्पण के साथ कार्य कर रही वैश्य अग्रवाल परिवार (पंजी) इंदिरापुरम ने अपने सतत प्रयासों के बल पर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। परिवार की वर्षों पुरानी आकांक्षा महाराजा अग्रसेन भवन अब निर्माण की दिशा में निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है। संस्था ने भवन निर्माण हेतु इंदिरापुरम में भूमि अधिग्रहण कर लिया है और भूमि पूजन भी विधिवत सम्पन्न हो चुका है। शीघ्र ही इस भवन का निर्माण कार्य आरंभ होने जा रहा है, जो समाज की एकता, परंपरा और भविष्य को समर्पित एक भव्य धरोहर के रूप में खड़ा होगा। यह वही संस्था है, जो प्रतिवर्ष महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन करती है। यही नहीं, संस्था के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप इंदिरापुरम की काला पत्थर रोड को अब महाराजा अग्रसेन मार्ग के नाम से जाना जाता है और मंगल चौक पर महाराज अग्रसेन की भव्य प्रतिमा की प्रतिष्ठा कर वहां का नाम महाराजा अग्रसेन चौक रखा गया, जो अब पूरे क्षेत्र की पहचान बन चुका है। यह कार्य केवल एक सड़क या प्रतिमा तक सीमित नहीं, बल्कि समाज की चेतना, गरिमा और गौरव को स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर है। संस्था केवल सांस्कृतिक आयोजनों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, भंडारे और जरूरतमंदों के लिए सेवा-कार्य भी समय-समय पर आयोजित करती रही है।

# हिसार में हुई गणेश वाल्मीकि हत्या का मामला: जंतर मंतर पर हुआ प्रदर्शन




वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली: (सुमित सोरेन)।** हरियाणा के हिसार में एक नाबालिग वाल्मीकि युवक की कथित पुलिस पिटाई से मौत के विरोध में तमाम सामाजिक संगठनों ने शनिवार को दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। जन आंदोलन के नाम से हुए इस प्रदर्शन की अगुवाई दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत द्वारा की गई, बताते चलें कि 7 जुलाई को हिसार में 16 वर्षीय युवक गणेश वाल्मीकि अपना जन्मदिन मना रहा था। पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे और मारपीट की। आरोप है कि पुलिस ने किशोर को छत से धक्का दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जंतर मंतर पर हुए इस प्रदर्शन पर संजय गहलोत ने कहा कि ये एक अमानवीय घटना है जिससे पूरे देश में आक्रोश है, खासकर वाल्मीकि समाज में क्योंकि ये नवयुवक वाल्मीकि दलित वर्ग से आता है तो आशंका ये भी है कि ये बच्चा कही किसी जातिवाद का शिकार तो नहीं बना। हालांकि वेलकम इंडिया स्पष्ट रूप से अपने दर्शकों को ये जानकारी पहुंचा दे कि प्रदर्शन से पूर्व ही हरियाणा सरकार परिजनों की मांगे मांग ली थी, मुख्यमंत्री नायब सैनी की तरफ से परिवार को न्याय देने की बात कही गई है। इस बारे में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने जानकारी दी है। वीरवार को मृतक युवक गणेश के पिता समेत कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। यह मुलाकात कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी की मौजूदगी में हुई।

इस दौरान बवानी खेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि भी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ हुई बातचीत के बाद परिवार संतुष्ट हो गया है। और परिवार जनो की मांग पर 11 दिन से हिसार में चले आ रहे इस हत्याकांड के विरोध में हो रहे प्रदर्शन को मृतक गणेश वाल्मीकि के अन्तिम संस्कार के साथ ही समाप्त कर दिया गया।

# बोर्ड मीटिंग की मिनिट्स को लेकर नगर निगम में हंगामा, पार्षदों का धरना जारी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद इन दिनों बोर्ड मीटिंग की मिनिट्स की मांग को लेकर तगड़े राजनीतिक और सामाजिक दबाव से गुजर रहा है। कल सुबह 11 बजे से निगम परिसर में बैठे दर्जनों पार्षद लगातार धरना दे रहे हैं और उनका कहना है कि जब तक बोर्ड मीटिंग की मिनिट्स की कॉपी उन्हें उपलब्ध नहीं कराई जाती, वे किसी भी स्थिति में धरना खत्म नहीं करेंगे। इस मुद्दे पर शनिवार को नगर निगम परिसर में विवाद, बहस और ड्रामा देखने को मिला।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक खुद एक बार पार्षदों से मिलने पहुंचे और उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा समाप्त होने के बाद ही मिनिट्स की कॉपी दी जाएगी, क्योंकि कर्मचारी कांवड़ ड्यूटी में लगे हैं। मगर पार्षदों ने इसे बहाना करार देते हुए साफ इनकार कर दिया और आरोप लगाया कि अधिकारी पारदर्शिता से बचना चाह रहे हैं। पार्षदों ने एक स्वर में कहा कि जब तक बोर्ड मीटिंग की आधिकारिक मिनिट्स की कॉपी हाथ में नहीं दी जाएगी, हम निगम से नहीं हटेंगे। धरनास्थल पर पार्षद नीरज गोयल, हिमांशु शर्मा, गौरव सोलंकी, कुसुम, मनोज गोयल, शिवम शर्मा, मुलायम सिंह, शशि, पवन गौतम, उदित मोहन, पूनम सिंह, देवनारायण शर्मा, संतोष सिंह, नरेश भाटी, राजकुमार भाटी, भूपेंद्र उपाध्याय, ओमपाल भाटी, मनोज त्यागी, अमित त्यागी, थान सिंह कश्यप, विनील दत्त, रीना गौतम, जाकिर अली, पवित्रा चौधरी, डॉ. अनिल तोमर, धीरेंद्र बिल्लू, दिलशाद, शिल्पा चौधरी, अनुज त्यागी, राधेश्याम त्यागी, अभिनव जैन, सुधीर, राजेश यादव, हरीश कदाकोटी, पूर्व पार्षद राजेश शर्मा, हिमांशु मित्तल, मनोज चौधरी, राकेश त्यागी, गोपाल दत्त करगेती समेत बड़ी संख्या में प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं इस आंदोलन को आज एक नया मोड़ तब मिला, जब गाजियाबाद के प्रमुख व्यापार संगठनों, वेलफेयर एसोसिएशनों और समाजसेवियों ने धरने को खुला समर्थन दे दिया। धरने के समर्थन में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश युवा महामंत्री राजू छाबड़ा, राष्ट्रीय व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक भारती, संजीव लोहिया, विनय सिंगल, विक्रम सैनी, संजीव करनवाल, किसान मोर्चा के रविंदर भाटी, प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद, महामंत्री अशोक चावला, कविनगर रेजिडेंस फेडरेशन के महासचिव लालचंद शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी अजय जैन आदि लोग धरनास्थल पर पहुंचे और कहा कि अगर पार्षदों की मांगें नहीं मानी गईं तो पूरे शहर में बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

# त्रैमासिक निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम (लखनऊ) के द्वारा आयोजित त्रैमासिक निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल(निवाडी) में आयोजन हुआ। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम (लखनऊ) के तत्वाधान में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल, निवाड़ी में त्रैमासिक निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन समारोह हुआ। यह विशेष शिविर दिनांक19 जुलाई2025 से आरंभ होकर तीन माह तक चलेगा, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा आमजन को योग का विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिविर सुप्रसिद्ध योगाचार्य गीतक सिंधु (उत्तर प्रदेश रत्न अवार्ड से सम्मानित) के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। केंद्रअध्यक्ष स्कूल प्रधानाचार्य डॉ सरिता सिंधु ने इस अवसर पर कहा योग हमारे जीवन का आधार है। वर्तमान समय की भागदौड़ भरी दिनचर्या में योग ही एक ऐसा साधन है जिससे हम शारीरिक मानसिक तथा बौद्धिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। इस समारोह में समस्त प्रशिक्षुक अध्यापकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर योगाचार्य श्रीमान गीतक सिंधु ने तीन माह के इस कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए योग से होने वाले लाभ व इससे संबंधित गुणों के विषय में अधिक जानकारी प्रदान की।

# किल्होड़ा गांव में रालोद ने चलाया सदस्यता अभियान

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के आदेश अनुसार रालोद द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की कड़ी में शनिवार को किल्होड़ा गांव में पूर्व सदस्य जिला पंचायत मास्टर रंजीत उर्फ पप्पन द्वारा चलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बागपत सांसद डॉ राजकुमार सांगवान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की और संचालन क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन ने किया। सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखें। डॉ राजकुमार सांगवान ने कहा रालोद स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह द्वारा बनाई हुई किसान मजदूर की हितैषी पार्टी है। चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी व जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने कहा हमारी कोशिश है कि राष्ट्रीय लोकदल में हर वर्ग का आदमी सदस्यता अभियान से जुड़े आज जितने भी लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल का दामन थामा है और सदस्य बने हैं इस अवसर पर ' प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चैयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी' सुनील रोहटा' रणबीर दहिया प्रदेश सचिव' अरुण चौधरी भुल्लन क्षेत्रीय महासचिव' योगेंद्र पतला' मनोज त्यागी मोदीनगर शहर अध्यक्ष' जिला महासचिव चंद्रपाल डायरेक्टर' विधानसभा अध्यक्ष आलोक सिंह' जिला उपाध्यक्ष जयवीर नेहरा' कृष्ण चैंपियन' जिला उपाध्यक्ष मनोज राठी रामावतार त्यागी बृजपाल सिंह अमराला' मोहित व सुधीर तोमर अतरौली' गजेंद्र मास्टर जी ईसापुर' आदि इस अवसर पर गांव के लोग मौजूद रहे।

# निगम की टीम ने गालंद व पिपलहैड़ा में 6 करोड़ की भूमि अवैध कब्जे से मुक्त

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम गालंद और पिपलहेड़ा में वर्षों से कब्जे की कोशिशों का सामना कर रही करीब 2.5 हेक्टेयर भूमि को शनिवार को अवैध अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। इस भूमि की अनुमानित बाजार कीमत करीब 6 करोड़ रुपये बताई जा रही है। निगम के संपत्ति विभाग द्वारा की गई इस सख़्त कार्रवाई ने यह संदेश साफ कर दिया है कि अब नगर निगम की जमीन पर किसी भी तरह का गैरकानूनी कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संपत्ति अधीक्षक और टीम के साथ सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह स्वयं मौके पर पहुंचीं और ग्राम गालंद व पिपलहैड़ा में निगम की भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ही ट्रैक्टर की मदद से खेतों की जुताई कराई, जिससे कब्जेदारों को स्पष्ट संकेत मिले कि भूमि अब नगर निगम के नियंत्रण में है। पल्लवी सिंह ने निरीक्षण के बाद अधिकारियों को सख़्त निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में कोई लापरवाही न हो और नगर निगम की संपत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए नियमित कार्रवाई जारी रखी जाए। संपत्ति विभाग प्रभारी ने जानकारी दी कि यह कार्रवाई नियमित रोस्टर निरीक्षण के दौरान की गई। गालंद और पिपलहैड़ा के 5-6 खसरा नंबरों में फैली 2.5060 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण की कोशिश की जा रही थी, जिसे समय रहते रोक दिया गया। निगम अब इस भूमि पर जनहित में निर्माण और योजनाओं के लिए उपयोग करेगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि निगम की हर इंच भूमि नागरिकों की धरोहर है, किसी भी सूरत में अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है। रिक्त कराई गई भूमि का उपयोग शहरवासियों के लाभ के लिए किया जाएगा। नगर आयुक्त के निर्देश पर निर्माण विभाग को आदेश दिए गए हैं कि वे भूमि की सीमाओं पर पांच सूचनात्मक बोर्ड लगाएं ताकि कोई दोबारा अतिक्रमण करने की कोशिश न करे।

# सावन की शिवरात्रि पर दूधेश्वरनाथ मंदिर में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** देशभर से आने वाले शिवभक्तों और कांवडियों के लिए इस वर्ष की सावन शिवरात्रि विशेष रूप से दिव्य और भव्य होने जा रही है। सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर, जो शिवभक्ति की पराकाष्ठा का प्रतीक है, इस बार सावन की शिवरात्रि (23 जुलाई) को लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनेगा। मंदिर में तीन दिवसीय कांवड़ मेला 21 जुलाई से शुरू हो जाएगा और 23 जुलाई को शिवरात्रि के दिन भक्तगण पूरे दिन जलाभिषेक कर सकेंगे। शनिवार को सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान मंदिर के पीठाधीश्वर, श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज, जो श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता और दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष भी हैं, ने बताया कि दूधेश्वरनाथ केवल मंदिर नहीं, एक जागृत सिद्धपीठ है, जहां स्वयं भगवान शिव ३दूधेश्वर३ के रूप में विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि यहां श्रद्धा मात्र से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं। पूरे सावन में शिव भक्तों की लंबी कतारें लगती हैं, लेकिन सावन की शिवरात्रि पर यह संख्या लाखों में पहुँच जाती है। श्रीमहंत जी ने स्पष्ट किया कि त्रयोदशी तिथि 22 जुलाई को सुबह 7:06 बजे से शुरू होकर देर रात तक रहेगी, जबकि चतुर्दशी तिथि 23 जुलाई को सुबह 4 बजे से आरंभ होगी और 23/24 की रात 2 बजे तक जलाभिषेक के लिए उत्तम मुहूर्त रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि भौम प्रदोष व्रत भी इस बार उसी दिन (22 जुलाई, मंगलवार) पड़ेगा, जो ऋणमोचन और पुण्य लाभ के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। शिवरात्रि व्रत का पारण 24 जुलाई को होगा। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष श्री धर्मपाल गर्ग ने कहा कि इस बार कांवडियों और भक्तों के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।